جمعية خدمة المحتوى
الإسلامي باللغات

मुस्लिम बच्चों के लिए वे बातें जिन्हें जानना अनिवार्य है

हिन्दी	هندي	مَا لَا يَسَعُ أَطْفَالَ المُسْلِمِينَ جَهْلُهُ

अनुसंधान समिति,
अंतर्गत बहुभाषी इस्लामी सामग्री सेवा संगठन

مَا لَا يَسَعُ أَطْفَالَ المُسْلِمِينَ جَهْلُهُ

मुस्लिम बच्चों के लिए वे बातें जिन्हें जानना अनिवार्य है

اللَّجْنَةُ العِلْمِيَّةُ
بِجَمْعِيَّةِ خِدْمَةِ المُحْتَوَى الإِسْلَامِيِّ بِاللُّغَاتِ

अनुसंधान समिति, अंतर्गत बहुभाषी इस्लामी सामग्री सेवा संगठन

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ

भूमिका

यह धन्य एवं महान अल्लाह के धर्म के बारे में वो बातें हैं, जिनकी जानकारी मुस्लिम बच्चों को होनी चाहिए, एवं मां-बाप को चाहिए कि अपने बच्चों को छोटी आयु से ही इन्हें सिखाएं।

यह अक़ीदा, फ़िक़्ह, नबी की जीवनी, शिष्टाचार, तफ़सीर, हदीस, नैतिकता और अज़कार के बारे में एक संपूर्ण, सरल एवं छोटा सा गाइड बुक है, जो बच्चों, नव मुस्लिमों एवं सभी उम्र वालों के लिए उपयुक्त है। तथा इसे घरों, नर्सरियों और शिक्षण संस्थानों में रखा जा सकता है, इसी प्रकार से याद करने एवं व्याख्या के लिए भी इसे कहीं भी दिया जा सकता है। मैंने इसे विषय के अनुसार व्यवस्थित किया है, और इसे प्रश्नोत्तर विधि के अनुसार लिखा है, क्योंकि इसके कारण दिमाग इसे तेज़ी से याद कर सकता है और यह अच्छे ढंग से कंठस्थ हो सकता है, तथा शिक्षक इनमें में से छात्र की आयु के आधार पर जो उनके लिए उपयुक्त हो उसका चयन कर सकते हैं।

अल्लाह से दुआ है कि वह इसे लाभदायक बनाए एवं इसे स्वीकार करे।

इस बात को अल्लाह की यह आयत सिद्ध कर रही है।

﴿ يَٰٓأَيُّهَا ٱلَّذِينَ ءَامَنُواْ قُوٓاْ أَنفُسَكُمۡ وَأَهۡلِيكُمۡ نَارٗا وَقُودُهَا ٱلنَّاسُ وَٱلۡحِجَارَةُ عَلَيۡهَا مَلَٰٓئِكَةٌ غِلَاظٞ شِدَادٞ لَّا يَعۡصُونَ ٱللَّهَ مَآ أَمَرَهُمۡ وَيَفۡعَلُونَ مَا يُؤۡمَرُونَ ٦﴾

"ऐ ईमान वालो! अपने आपको और अपने घर वालों को उस आग से बचाओ जिसका ईंधन मनुष्य और पत्थर हैं। जिसपर कठोर दिल, बलशाली फ़रिश्ते नियुक्त हैं। जो अल्लाह उन्हें आदेश दे उसकी अवज्ञा नहीं करते तथा

वे वही करते हैं, जिसका उन्हें आदेश दिया जाता है"।

[सूरा अल-तहरीम: 6]

और अब्दुल्लाह बिन अब्बास -अल्लाह उन दोनों से राज़ी हो- की यह हदीस़, जिसमें उन्होंने कहा: मैं एक दिन नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पीछे था, तो आपने फ़रमाया:

छोटे बच्चों को शिक्षित करने का महत्व:

मनुष्य के लिए बच्चों को उनके धर्म के बारे में ज़रूरी बातें सिखाना अनिवार्य है, ताकि वे इस्लामी स्वभाव पर एक पूर्ण इंसान, एवं ईमान के मार्ग पर एक अच्छे एकेश्वरवादी के सांचे में ढल सकें।

इमाम इब्ने अबी ज़ैद अल-क़ैरवानी -उनपर अल्लाह की दया हो- कहते हैं: "ह़दीस़ में कहा गया है कि बच्चे जब सात वर्ष के हो जाएं तो उनको नमाज़ का आदेश दिया जाए, एवं दस वर्ष के होने पर उन्हें (नमाज़ छोड़ने पर) मारा जाए, एवं उनके बिस्तर अलग कर दिए जाएं। इसी प्रकार अल्लाह ने बन्दों पर जिन कथनों एवं कर्मों को फ़र्ज़ किया है, उन्हें बच्चों को उनके वयस्क होने से पहले सिखा देना उचित है, ताकि वह इस अवस्था में जवान हों कि यह बातें उनके ह़दय में बैठ जाएं, इस संबंध में उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो एवं उनके अंग जो भी इबादत के काम करें, मन लगा कर करें।

"मुक़द्दिमतु (इब्ने) अबी ज़ैद अल-क़ैरवानी, पृष्ठ: 5

***

उत्तर- मेरा रब अल्लाह है, जो अपनी नेमतों से हमें एवं सारे संसारों को पालता है।

﴿الْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ ۝﴾

("सारी प्रशंसा अल्लाह ही के लिए है, जो सारे संसारों का रब है"।

[सूरा अल-फ़ातिहा: 2]

उत्तर- मेरा धर्म इस्लाम है, और इस्लाम का मतलब है, ख़ुद को तौहीद के ज़रिए अल्लाह के हवाले करना, उसके आदेशों का पालन करना और शिर्क (बहुदेववाद) एवं मुश्रिकों से अलग हो जाना।

﴿إِنَّ الدِّينَ عِنْدَ اللَّهِ الْإِسْلَامُ ...﴾

"निःसंदेह अल्लाह के निकट धर्म केवल इस्लाम है"।

[सूरा आले-इमरान: 19]

उत्तर- मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम।

﴿مُّحَمَّدٌ رَّسُولُ ٱللَّهِ ...﴾

"मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं"।

[सूरा अल-फ़तह: 29]

उत्तर- कलेमा-ए-तौहीद: "ला इलाहा इल्लल्लाहु" है, और इसका अर्थ है: अल्लाह के अतिरिक्त कोई सत्य पूज्य नहीं है।

सर्वोच्च अल्लाह का कथन है:

﴿فَاعْلَمْ أَنَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا اللَّهُ ...﴾

"तथा जान लो कि अल्लाह के अतिरिक्त कोई सत्य पूज्य नहीं है"।

[सूरा मुहम्मद: 19]

उत्तर- अल्लाह आसमान के ऊपर, अर्श एवं सभी सृष्टियों से बुलंद है। अल्लाह तआला ने कहा है:

﴿الرَّحْمَٰنُ عَلَى الْعَرْشِ اسْتَوَىٰ ۝٥﴾

"रहमान (अत्यंत कृपाशील) अर्श पर स्थिर है"। [सूरा ताहा: 5]

और कहा:

﴿وَهُوَ ٱلۡقَاهِرُ فَوۡقَ عِبَادِهِۦۚ وَهُوَ ٱلۡحَكِيمُ ٱلۡخَبِيرُ ١٨﴾

"तथा वही अपने बंदों पर ग़ालिब (हावी) है और वही पूर्ण हिकमत वाला, हर चीज़ की ख़बर रखने वाला है"। [सूरा अल-अन्आम: 18]

प्रश्न 6: इस गवाही का क्या अर्थ है कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं?

उत्तर- इसका अर्थ है: अल्लाह ने उन्हें सारे संसार के लिए शुभ संदेश देने वाला एवं डराने वाला बनाकर भेजा है।

तथा वाजिब है:

1- उनके दिए गए आदेशों का पालन करना।

2- उनके द्वारा दी गई ख़बरों को सच मानना।

3- उनकी अवज्ञा न करना।

4- अल्लाह की उसी तरह इबादत करना जैसा कि उन्होंने बताया है, और वह है सुन्नत का पालन करना एवं बिद्अत को त्याग देना।

﴿مَنْ يُطِعِ الرَّسُولَ فَقَدْ أَطَاعَ اللَّهَ...﴾

अल्लाह तआला ने कहा है:

"जिसने रसूल का आज्ञापालन किया तो उसने अल्लाह का आज्ञापालन किया"।[सूरा अल-निसा: 80], पाक अल्लाह ने एक स्थान पर कहा है:

﴿وَمَا يَنْطِقُ عَنِ الْهَوَى ۝٣ إِنْ هُوَ إِلَّا وَحْيٌ يُوحَى ۝٤﴾

"वह (रसूल) अपनी तरफ से कुछ नहीं कहते हैं, वह जो भी कहते हैं वह वह्यी होती है, जो अल्लाह की ओर से उनकी ओर भेजी जाती है"।

[सूरा अल-नज्म: 3,4]

﴿لَقَدْ كَانَ لَكُمْ فِي رَسُولِ اللَّهِ أُسْوَةٌ حَسَنَةٌ لِمَنْ كَانَ يَرْجُو اللَّهَ وَالْيَوْمَ الْآخِرَ

وَذَكَرَ اللَّهَ كَثِيرًا ﴿٢١﴾

"तुम्हारे लिए अल्लाह के रसूल में उत्तम आदर्श है, उसके लिए, जो आशा रखता हो अल्लाह और अंतिम दिन (प्रलय) की, तथा याद करे अल्लाह को अत्यधिक"।

[सूरा अल-अहज़ाब: 21]

उत्तर- अल्लाह ने हमें किसी को उसका साझी बनाए बिना केवल अपनी पूजा करने के लिए पैदा किया है।

मस्ती और खेल-कूद के लिए नहीं।

﴿وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْإِنْسَ إِلَّا لِيَعْبُدُونِ ﴿٥٦﴾﴾

"मैंने जिन्नों और इन्सानों को मात्र इसी लिए पैदा किया है कि वे केवल मेरी इबादत करें"।

[सूरा अल-ज़ारियात: 56]

उत्तर- इबादत एक व्यापक अर्थ वाला शब्द है, जिसके अंदर वह सारे गुप्त तथा व्यक्त कथन और कार्य आ जाते हैं, जिन्हें अल्लाह पसंद करता है और जिनसे वह प्रसन्न होता है।

व्यक्त या ज़ाहिरी इबादत: जैसे ज़ुबान से अल्लाह की पाकी, प्रशंसा एवं बड़ाई बयान करके अल्लाह को याद करना, नमाज़ पढ़ना एवं हज्ज करना आदि।

गुप्त इबादत: जैसे अल्लाह पर भरोसा करना, उससे डरना एवं उससे उम्मीद रखना।

उत्तर- हम पर सबसे बड़ी वाजिब चीज़ तौहीद (अर्थात अल्लाह को एक जानना) है।

उत्तर- (तौहीद (एकेश्वरवाद) के तीन प्रकार हैं), 1- तौहीद-ए- रुबूबियतः अर्थात इस बात पर ईमान कि अल्लाह ही पैदा करने वाला, जीविका देने वाला, मालिक एवं प्रबंध करने वाला है, वह अकेला है एवं उसका कोई साझी नहीं है।

2- तौहीद-ए-उलूहियत: इसका अर्थ है केवल एक अल्लाह की इबादत करना एवं उसके अलावा किसी और की इबादत न करना।

3- तौहीद-ए-अस्मा व सिफात: क़ुरआन व हदीस़ में उल्लेखित अल्लाह के नामों एवं विशेषताओं पर ईमान लाना, बिना किसी से उसको उपमा देते हुए एवं सादृश्य ठहराए हुए या किसी (नाम अथवा विशेषता) को रद्द किए हुए।

तीनों तौहीद के प्रकारों की दलील अल्लाह तआला का यह फरमान है:

﴿رَّبُّ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلۡأَرۡضِ وَمَا بَيۡنَهُمَا فَٱعۡبُدۡهُ وَٱصۡطَبِرۡ لِعِبَٰدَتِهِۦۚ هَلۡ تَعۡلَمُ لَهُۥ سَمِيّٗا ٦٥﴾

"आकाशों तथा धरती का रब तथा जो उन दोनों के बीच है। अतः उसी की इबादत करें तथा उसकी इबादत पर डटे रहें। क्या आप उसके समक्ष किसी को जानते हैं"? [सूरा मर्यम: 65]

उत्तर: अल्लाह तआला के साथ शिर्क करना:

﴿إِنَّ اللَّهَ لَا يَغْفِرُ أَنْ يُشْرَكَ بِهِ وَيَغْفِرُ مَا دُونَ ذَٰلِكَ لِمَنْ يَشَاءُ وَمَنْ يُشْرِكْ بِاللَّهِ فَقَدِ افْتَرَى إِثْمًا عَظِيمًا ٤٨﴾

"निःसंदेह अल्लाह यह क्षमा नहीं करेगा कि उसका साझी बनाया जाए और उसके सिवा जिसके लिए चाहे, क्षमा कर देगा। जो अल्लाह का साझी बनाता है, तो उसने महा पाप गढ़ लिया"।

[सूरा अल-निसा: 48]

प्रश्न 12: शिर्क एवं उसके प्रकारों का उल्लेख करें?

उत्तर- शिर्क: किसी भी प्रकार की बंदगी का प्रदर्शन अल्लाह के अतिरिक्त किसी और के लिए करना है।

बड़ा शिर्क: जैसे अल्लाह के अतिरिक्त किसी और को पुकारना, किसी गैर को सज्दा करना, उसके लिए जानवर ज़बह करना।

छोटा शिर्क: जैसे अल्लाह के अलावा किसी और की क़सम खाना, ताबीज़ पहनना. और ताबीज़ पहनने का अर्थ है किसी लाभ को प्राप्त करने या किसी नुकसान से दूर रहने हेतु किसी भी चीज़ को लटकाना। इसी प्रकार कम मात्रा में रियाकारी (दिखावा, पाखण्ड), जैसा कि किसी को दिखाने के लिए अच्छी तरह नमाज़ पढ़ना।

उत्तर- अल्लाह के अलावा कोई परोक्ष को नहीं जानता है।

﴿قُل لَّا يَعۡلَمُ مَن فِي ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلۡأَرۡضِ ٱلۡغَيۡبَ إِلَّا ٱللَّهُۚ وَمَا يَشۡعُرُونَ أَيَّانَ يُبۡعَثُونَ ٦٥﴾

"आप कह दें कि आकाश और धरती में कोई अल्लाह के सिवा ग़ैब (परोक्ष) की बात नहीं जानता, और वे नहीं जानते कि कब फिर जीवित किए जाएँगे"।

[सूरा अल-नम्ल: 65]

प्रश्न 14: ईमान के कितने स्तंभ (अरकान) हैं?

उत्तर- 1-अल्लाह तआला पर ईमान

2- उसके फ़रिश्तों पर ईमान

3- उसकी पुस्तकों पर ईमान

4- उसके रसूलों पर ईमान

5- आख़िरत के दिन पर ईमान

6- अच्छी एवं बुरी तक़दीर (भाग्य) पर ईमान

प्रश्न 15: ईमान के स्तंभों की व्याख्या करें?

उत्तर: अल्लाह तआला पर ईमान:

वही माबूद (पूज्य) है, उसके सिवा कोई सत्य माबूद नहीं है।

वह एक सृष्टि है जिसको अल्लाह ने नूर से, अपनी इबादत एवं अपने आदेश का पूर्ण अनुसरण करने के लिए पैदा किया है।

जैसे कि मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर क़ुरआन,

और इब्राहीम एवं मूसा अलैहिमास्सलाम पर सहीफ़े।

उनमें से सबसे श्रेष्ठ उलुल अज़्म (दृढ़ता वाले रुसुल) हैं, जोकि ये हैं:

नूह अलैहिस्सलाम,

इब्राहीम अलैहिस्सलाम,

मूसा अलैहिस्सलाम,

ईसा अलैहिस्सलाम,

और मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम।

तक़दीर या भाग्य: यह विश्वास रखना है कि ब्रह्मांड में जो कुछ होता है, अल्लाह सब को जानता है, उसने उसे संरक्षित किताब में लिख लिया है, फिर उसने उसके अस्तित्व एवं पैदा करने को चाहा है।

अल्लाह तआला ने कहा है:

﴿إِنَّا كُلَّ شَيْءٍ خَلَقْنَاهُ بِقَدَرٍ﴾

"हमने हर चीज़ को ख़ास अनुपात के साथ पैदा किया है"। [सूरा अल-

क़मर: 49]

﴿إِنَّ اللَّهَ عِنْدَهُ عِلْمُ السَّاعَةِ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ وَيَعْلَمُ مَا فِي الْأَرْحَامِ وَمَا تَدْرِي نَفْسٌ مَاذَا تَكْسِبُ غَدًا وَمَا تَدْرِي نَفْسٌ بِأَيِّ أَرْضٍ تَمُوتُ إِنَّ اللَّهَ عَلِيمٌ خَبِيرٌ ﴿٣٤﴾﴾

"निःसंदेह, अल्लाह ही के पास है प्रलय का ज्ञान, वही उतारता है वर्षा और जानता है जो कुछ गर्भाशयों में है, और नहीं जानता कोई प्राणी कि वह कल क्या कमायेगा, और नहीं जानता कोई प्राणी कि किस धरती में मरेगा। वास्तव में, अल्लाह ही सब कुछ जानने वाला, सबसे सूचित है"।

[सूरा लुक़मान: 34]

﴿وَعِنْدَهُ مَفَاتِحُ الْغَيْبِ لَا يَعْلَمُهَا إِلَّا هُوَ وَيَعْلَمُ مَا فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ وَمَا تَسْقُطُ مِنْ وَرَقَةٍ إِلَّا يَعْلَمُهَا وَلَا حَبَّةٍ فِي ظُلُمَاتِ الْأَرْضِ وَلَا رَطْبٍ وَلَا يَابِسٍ إِلَّا فِي كِتَابٍ مُبِينٍ ﴿٥٩﴾﴾

"और उसी (अल्लाह) के पास गैब की कुंजियाँ हैं, जिनको सिर्फ वही जानता है, और जो थल और जल में है, उन सभी को वह जानता है, और जो भी पत्ता गिरता है उसे भी वह जानता है, और जमीन के अंधेरों में जो भी दाना है और जो भी तर (आर्द्र) तथा ख़ुश्क (सूखा) है, सब कुछ एक खुली किताब में है"।

[सूरा अल-अन्आम: 59]

﴿لِمَنْ شَاءَ مِنْكُمْ أَنْ يَسْتَقِيمَ ﴿٢٨﴾ وَمَا تَشَاءُونَ إِلَّا أَنْ يَشَاءَ اللَّهُ رَبُّ الْعَالَمِينَ ﴿٢٩﴾﴾

"(विशेष रूप से) उसके लिए जो तुम में से सीधे मार्ग पर चलना चाहे। तथा तुम बिना समस्त जगत के रब के चाहे, कुछ नहीं चाह सकते"।

[सूरा अत-तकवीर: 28, 29]

﴿وَاللَّهُ خَلَقَكُمْ وَمَا تَعْمَلُونَ ﴿٩٦﴾﴾

"हालाँकि अल्लाह ने तुम को और जो तुम करते हो, सबको पैदा किया है"।

[सूरा अस-साफ़्फ़ात: 96]

उत्तर- वह अल्लाह तआला का कलाम है, उसकी मख़लूक़ (सृष्टि) नहीं है।

﴿وَإِنْ أَحَدٌ مِنَ الْمُشْرِكِينَ اسْتَجَارَكَ فَأَجِرْهُ حَتَّى يَسْمَعَ كَلَامَ اللَّهِ...﴾

"और यदि मुश्रिकों में से कोई तुमसे शरण माँगे, तो उसे शरण दो, यहाँ तक कि अल्लाह की बातें सुन ले"।

[सूरा अल-तौबा: 6]

उत्तर- यह पैगंबर -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- की हर बात, कार्य, या आपकी सहमति, या नैतिक विशेषता, अथवा शारीरिक विशेषता है।

उत्तर- हर वह नई चीज़ जिसे लोगों ने धर्म में गढ़ लिया हो, और वो नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम या आपके साथियों के ज़माना में नहीं थी।

हम उसे कदापि स्वीकार नहीं करेंगे, बल्कि उसका खंडन करेंगे।

इसका उदाहरण: इबादत में ज़्यादा करना, जैसे कि वुज़ू में वृद्धि करते हुए अंगों को चार बार धोना, इसी प्रकार से नबी का जन्म दिन मनाना,क्योंकि ये नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम या आपके साथियों से वर्णित नहीं हैं।

प्रश्न 19: वलाअ एवं बराअ अर्थात दोस्ती एवं दुश्मनी का अक़ीदा क्या है?

उत्तर- वलाअ अर्थात दोस्ती, यह मोमिनों से मुहब्बत एवं उनकी मदद करने का नाम है।

﴿وَالْمُؤْمِنُونَ وَالْمُؤْمِنَاتُ بَعْضُهُمْ أَوْلِيَاءُ بَعْضٍ ...﴾

"और मोमिन मर्द और मोमिन औरतें एक-दूसरे के दोस्त हैं"।

[सूरा अल-तौबा: 71]

[सूरा अल-मुमतहिनह: 4]

प्रश्न 20: क्या अल्लाह धर्म के रूप में इस्लाम के सिवा किसी और धर्म को स्वीकार करेगा?

उत्तर- अल्लाह इस्लाम के सिवा किसी और धर्म को स्वीकार नहीं करेगा।

﴿وَمَن يَبتَغِ غَيۡرَ ٱلۡإِسۡلَٰمِ دِينٗا فَلَن يُقۡبَلَ مِنۡهُ وَهُوَ فِي ٱلۡأٓخِرَةِ مِنَ ٱلۡخَٰسِرِينَ ٨٥﴾

"जो इस्लाम के अतिरिक्त किसी और धर्म को चाहेगा, अल्लाह उससे उसको स्वीकार नहीं करेगा, और वह आख़िरत में घाटा उठाने वालों में से होगा"।

[सूरा आले-इमरान: 85]

प्रश्न 21: कुफ़्र ज़ुबान से, काम से एवं आस्था (एतक़ाद) से होता है, इसका उदाहरण क्या है?

उत्तर- ज़ुबान का उदाहरण: पाक अल्लाह या उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को गाली देना।

आस्था में कुफ़्र का उदाहरण: यह विश्वास रखना कि अल्लाह के अतिरिक्त भी किसी की इबादत की जा सकती है या अल्लाह के साथ कोई और भी सृष्टिकर्ता है।

उत्तर-

1- बड़ा निफ़ाक़: और वह है कुफ़्र को छुपाना एवं ईमान का दिखावा करना।

यह इस्लाम से बाहर निकाल देता है, और यह महा कुफ़्र है।

﴿إِنَّ ٱلۡمُنَٰفِقِينَ فِي ٱلدَّرۡكِ ٱلۡأَسۡفَلِ مِنَ ٱلنَّارِ وَلَن تَجِدَ لَهُمۡ نَصِيرًا ١٤٥﴾

"मुनाफ़िक़ीन (पाखंडी लोग) जहन्नम के सबसे निचले दर्जे में होंगे, और आप उनके लिए कोई मदद करने वाला नहीं पाएंगे"।

[सूरा अल-निसा: 145]

2- छोटा निफ़ाक़:

उदाहरण: झूठ बोलना, वचन पूरा न करना एवं अमानत में ख़्यानत (बेईमानी) करना।

यह इस्लाम से बाहर नहीं करता है, यह ऐसे गुनाहों में से है जिनका करने वाला यातना का हक़दार है।

अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने कहा है:

उत्तर- मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम।

﴿مَّا كَانَ مُحَمَّدٌ أَبَآ أَحَدٖ مِّن رِّجَالِكُمۡ وَلَٰكِن رَّسُولَ ٱللَّهِ وَخَاتَمَ ٱلنَّبِيِّـۧنَ...﴾

"मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) तुम्हारे पुरुषों में से किसी के पिता नहीं, बल्कि अल्लाह के रसूल और अंतिम नबी हैं"।

[सूरा अल-अहज़ाब: 40]

अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने कहा है: इस हदीस़ को अबू दावूद और तिरमिज़ी आदि ने रिवायत किया है।

उत्तर- अल्लाह तआला अपने नबियों को उनकी सच्चाई को इंगित करने के लिए असाधारण आदतों में से जो देता है, उसे मुअ्जज़ा अर्थात चमत्कार कहते हैं। जैसे कि:

-नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के लिए चाँद का दो टुकड़े हो जाना।

प्रश्न 25: स़हाबा कौन हैं? तथा क्या हम उनसे प्रेम रखें?

उत्तर- स़हाबी वह है जिसने नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से ईमान की हालत में मुलाक़ात की हो एवं इस्लाम पर ही उनकी मृत्यु हुई हो।

हम उनसे मुहब्बत करते हैं, उनके रास्ते पर चलते हैं, वे नबियों के बाद लोगों में सबसे अच्छे एवं भले इंसान हैं।

उत्तर- वे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की पत्नियाँ हैं।

अल्लाह तआला का फ़रमान हैः [सूरा अल-अहज़ाब: 6]

प्रश्न 27: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के घर वालों का हम पर क्या अधिकार है?

उत्तर- हम उनसे मुहब्बत रखते हैं, उनका सम्मान करते हैं, उनसे जो नफ़रत करे, हम उनसे नफ़रत करते हैं, हम उनके संबंध में अतिशयोक्ति से काम नहीं लेते, और आले बैत में शामिल हैं आपकी पत्नियाँ, आपकी औलाद एवं बनू हाशिम तथा बनू मुतल्लिब ख़ानदान के मोमिनीन।

उत्तर- हमारा कर्तव्य है, उनका सम्मान करना, गुनाह के कामों के अलावा में उनके आदेशों को सुनना एवं पालन करना, उनके विरुद्ध विद्रोह न करना, उनके लिए दुआ करना एवं अकेले में उनको भलाई की राह दिखाना।

उत्तर- जन्नत, अल्लाह तआला ने कहा है:

﴿إِنَّ اللَّهَ يُدْخِلُ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِنْ تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ...﴾

("निश्चय अल्लाह उन्हें प्रवेश देगा, जो ईमान लाये तथा सत्कर्म किये, ऐसे स्वर्गों में, जिनमें नहरें प्रवाहित हैं। [सूरा मुहम्मद: 12]

उत्तर- जहन्नम, अल्लाह तआला ने कहा है:

﴿فَاتَّقُوا النَّارَ الَّتِي وَقُودُهَا النَّاسُ وَالْحِجَارَةُ أُعِدَّتْ لِلْكَافِرِينَ ﴿٢٤﴾﴾

"उस आग से डरो जिसका ईंधन इंसान एवं पत्थर होंगे, और वह काफ़िरों के लिए तैयार की गई है"। [सूरा अल-बक़रा: 24]

उत्तर- अल्लाह और उसके दंड से भय खाने को डर या ख़ौफ़ कहते हैं।

रजाअ या उम्मीद, अल्लाह के सवाब (प्रतिफल), एवं उसकी क्षमा या रहमत की उम्मीद को रजाअ कहते हैं।

﴿أُولَٰئِكَ الَّذِينَ يَدْعُونَ يَبْتَغُونَ إِلَىٰ رَبِّهِمُ الْوَسِيلَةَ أَيُّهُمْ أَقْرَبُ وَيَرْجُونَ رَحْمَتَهُ وَيَخَافُونَ عَذَابَهُ إِنَّ عَذَابَ رَبِّكَ كَانَ مَحْذُورًا﴿٥٧﴾﴾

"वास्तव में, जिन्हें ये लोग पुकारते हैं, वे स्वयं अपने पालनहार के निकट होने का साधन खोजते रहते हैं, कि उन में से कौन अधिक निकट हो जाए? और उसकी दया की आशा रखते हैं और उसकी यातना से डरते हैं। वास्तव में, आपके रब की यातना डरने योग्य है"।

[सूरा अल-इस्रा: 57]

[सूरा अल-हिज्र: 49,50]

प्रश्न 32: अल्लाह के कुछ नाम एवं विशेषण बताएं?

उत्तर- अल्लाह, रब, रहमान, समीअ, बसीर, अलीम, रज़्ज़ाक़, हय्इ एवं अज़ीम, इनके अलावा भी अल्लाह के सुन्दर नाम एवं उच्च विशेषताएँ हैं।

प्रश्न 33: इन नामों की व्याख्या कीजिए?

उत्तर- अल्लाह: इसका अर्थ है एक सत्य माबूद, पूज्य, जो केवल एक है, जिसका कोई साझी नहीं।

रब: अर्थात, एकमात्र पैदा करने वाला, मालिक, जीविका देने वाला, प्रबंध करने वाला।

समीअ: जिसके सुनने की शक्ति हर चीज़ को शामिल है, वह सभी आवाज़ों को उनके अलग अलग होने एवं विविधता के बावजूद सुनता है।

बसीर: जो हर छोटी बड़ी चीज़ों को देखता एवं उनका ज्ञान रखता है।

अलीम: जिसका ज्ञान व्यापक है, जो हर चीज़ के भूत, वर्तमान और भविष्य को शामिल है।

रहमान: जिसकी रहमत प्रत्येक सृष्टि एवं जीवित चीज़ को शामिल है, सभी बन्दे एवं सृष्टियाँ उसकी दया व कृपा की छाया में जी रही हैं।

रज़्ज़ाक़: जिसपर सभी सृष्टियों जैसे कि इंसान, जिन्न एवं धरती पर चलने वाली सभी चीज़ो को खिलाने की ज़िम्मेदारी है।

हय्य: जो अमर है, कभी नहीं मरेगा, जबकि सभी सृष्टियाँ मर जाएंगी।

अज़ीम: जिसके नामों, कामों एवं विशेषताओं में हर प्रकार की महानता, पूर्णता एवं बड़ाई है।

उत्तर- हम उनसे मुहब्बत करते हैं, धार्मिक समस्याओं एवं आपदाओं के समय उनका रुख करते हैं, उनका गुणगान करते हैं, जो उनकी बुराई बयान करता है, वह सही रास्ते पर नहीं है।

सर्वोच्च अल्लाह का कथन है:

﴿...يَرۡفَعِ ٱللَّهُ ٱلَّذِينَ ءَامَنُواْ مِنكُمۡ وَٱلَّذِينَ أُوتُواْ ٱلۡعِلۡمَ دَرَجَٰتٖۚ وَٱللَّهُ بِمَا تَعۡمَلُونَ خَبِيرٞ﴾

"अल्लाह तुम लोगों में से ईमान वालों एवं ज्ञान वालों के दर्जे को ऊँचा करता है, और जो कुछ तुम करते हो, अल्लाह उनको अच्छी तरह जानता है"। [सूरा अल-मुजादला: 11]

प्रश्न 35: कौन लोग अल्लाह के वली (मित्र, दोस्त) हैं?

उत्तर- वो ईमान वाले एवं अल्लाह से डरने वाले हैं।

[सूरा यूनुस: 62,63]

उत्तर- ईमान कहने, कर्म करने एवं दिल से आस्था रखने का नाम है।

उत्तर- अल्लाह के अनुपालन से ईमान बढ़ता है एवं अल्लाह की अवज्ञा से घटता है।

सर्वोच्च अल्लाह का कथन है:

﴿إِنَّمَا الْمُؤْمِنُونَ الَّذِينَ إِذَا ذُكِرَ اللَّهُ وَجِلَتْ قُلُوبُهُمْ وَإِذَا تُلِيَتْ عَلَيْهِمْ آيَاتُهُ زَادَتْهُمْ إِيمَانًا وَعَلَى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُونَ ۝﴾

"वास्तव में, ईमान वाले वही हैं कि जब अल्लाह का वर्णन किया जाए, तो उनके दिल काँप उठते हैं और जब उनके समक्ष उसकी आयतें पढ़ी जाएँ, तो उनका ईमान अधिक हो जाता है और वे अपने पालनहार पर ही भरोसा रखते हैं"। [सूरा अल-अनफाल: 2]

उत्तर- "आप अल्लाह की उपासना इस तरह करें कि जैसे आप उसे सनयन देख रहे हैं। यदि यह कल्पना न उत्पन्न हो सके कि आप उसे देख रहे हैं, तो (यह कल्पना करें कि) वह आपको अवश्य देख रहा है"।

उत्तर- दो शर्तों के साथ:

1- जब यह विशुद्ध रूप से सर्वशक्तिमान अल्लाह की प्रसन्नता के लिए हो।

2- जब यह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के तरीक़ा पर हो।

उत्तर- साधनों को अपनाते हुए, लाभ कमाने एवं नुकसान को दूर रखने के लिए अल्लाह पर भरोसा करना, इसी का नाम तवक्कुल (भरोसा) है।

﴿وَمَنْ يَتَوَكَّلْ عَلَى اللَّهِ فَهُوَ حَسْبُهُ ...﴾

"तथा जो अल्लाह पर निर्भर रहेगा, तो वह उसके लिए काफ़ी होगा"।

[सूरा अल-तलाक़: 3]

उत्तर- मअरूफ़ अर्थात अच्छाई का मतलब है (लोगों को) महान अल्लाह के हर अज्ञापालन का आदेश देना एवं मुन्कर अर्थात बुराई का मतलब है (लोगों को) महान अल्लाह की हर अवज्ञा से रोकना।

सर्वोच्च अल्लाह का कथन है:

﴿كُنتُمْ خَيْرَ أُمَّةٍ أُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَأْمُرُونَ بِٱلْمَعْرُوفِ وَتَنْهَوْنَ عَنِ ٱلْمُنكَرِ وَتُؤْمِنُونَ بِٱللَّهِ ...﴾

"तुम उत्तम क़ौम हो, जो लोगों के लिए आए हो, तुम भलाई का आदेश देते हो एवं बुराई से रोकते हो, तथा अल्लाह पर ईमान रखते हो"।

[सूरा आले-इमरान: 110]

उत्तर- जो लोग अपनी कथनी, करनी एवं अक़ीदा (आस्था) में नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम तथा उनके साथियों के मार्ग पर हों।

उन लोगों को अह्ले सुन्नत इसलिए कहा जाता है, क्योंकि वे लोग नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की सन्नत की पैरवी करते हैं एवं बिद्अत को त्याग देते हैं।

एवं जमाअत इसलिए कहा जाता है कि वे सत्य पर एकत्र हुए हैं एवं उसमें अलग-अलग नहीं होते।

***

प्रश्न 1: तहारत (पवित्रता) को परिभाषित करें?

उत्तर- तहारत: नापाकी (अपवित्रता) को ख़त्म करने एवं गंदगी को दूर

करने को कहते हैं।

गंदगी से पाकी: इसका अर्थ है मुसलमान अपने शरीर, कपड़े, जगह या नमाज़ पढ़ने के स्थान में पड़ी गंदगियों को दूर करे।

नापाकी से पाकी: यह होता है पाक पानी के द्वारा वुज़ू या स्नान करके, या यह प्राप्त होता है तयम्मुम के द्वारा उसके लिए जिसके पास पानी न हो या जो पानी का सेवन करने में असमर्थ हो।

उत्तर- उसके पाक होने तक पानी से धोया जाए,

और यदि कुत्ता मुँह डाल दे तो सात बार धोया जाए, पहली बार मिट्टी से।

उत्तर- नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने इरशाद फ़रमाया है:

«إِذَا تَوَضَّأَ العَبْدُ المُسْلِمُ - أَوِ المُؤْمِنُ - فَغَسَلَ وَجْهَهُ؛ خَرَجَ مِنْ وَجْهِهِ كُلُّ خَطِيئَةٍ نَظَرَ إِلَيْهَا بِعَيْنَيْهِ مَعَ المَاءِ - أَوْ مَعَ آخِرِ قَطْرِ المَاءِ - فَإِذَا غَسَلَ يَدَيْهِ؛ خَرَجَ مِنْ يَدَيْهِ كُلُّ خَطِيئَةٍ كَانَتْ بَطَشَتْهَا يَدَاهُ مَعَ المَاءِ - أَوْ مَعَ آخِرِ قَطْرِ المَاءِ - فَإِذَا غَسَلَ رِجْلَيْهِ؛ خَرَجَتْ كُلُّ خَطِيئَةٍ مَشَتْهَا رِجْلَاهُ مَعَ المَاءِ - أَوْ مَعَ آخِرِ قَطْرِ المَاءِ - حَتَّى يَخْرُجَ نَقِيًّا مِنَ الذُّنُوبِ».

"जब मुस्लिम या मोमिन बंदा वुज़ू करता है और अपना चेहरा धोता है, तो उसके चेहरे से वह सारे गुनाह पानी के साथ या पानी की अंतिम बूँद के साथ निकल जाते हैं, जो उसने अपनी आँखों से देखकर किया था। फिर जब वह अपने हाथों को धोता है, तो पानी के साथ या पानी की अंतिम बूँद के साथ उसके हाथ के वह सारे गुनाह निकल जाते हैं, जो उसके हाथों के पकड़ने से हुए थे। फिर जब वह अपने पैरों को धोता है, तो पानी के साथ या पानी की अंतिम बूँद के साथ उसके पैरों से वह सारे गुनाह निकल जाते हैं, जिनकी ओर उसके पाँव चलकर गए थे। यहाँ तक कि वह गुनाहों से पवित्र होकर निकलता

है"।

उत्तर- दोनों हथेलियों को तीन बार धोया जाए,

तीन बार कुल्ला किया जाए एवं नाक में पानी लेकर उसको झाड़ा जाए,

कुल्ला करने का नियम यह है कि मुँह में पानी लेकर, उसे हिलाया जाए, फिर उसे फेंक दिया जाए,

इस्तिंशाक़ अर्थात नाक में पानी लेने का नियम यह है कि दायां हाथ से पानी को हवा के द्वारा नाक के अंदर लिया जाए,

तथा इस्तिंसार अर्थात नाक झाड़ने का नियम यह है कि पानी को नाक से बायां हाथ के द्वारा झाड़ कर फेंक दिया जाए।

पूरे चेहरे को तीन बार धोया जाए।

फिर दोनों हाथों को कोहनियों समेत तीन बार धोना है।

फिर सर का मसह करना है, और वह इस तरह कि अपने दोनों हाथों को सर के अगले हिस्से से पिछले हिस्से तक ले जाएं एवं फिर उसी प्रकार से लौटाएं, और दोनों कानों का मसह करें।

फिर दोनों पैरों को टखना समेत तीन बार धोएं।

وقد ثبت أيضًا عنه في البخاري وغيره: «أَنَّهُ تَوَضَّأَ مَرَّةً مَرَّةً، وَأَنَّهُ تَوَضَّأَ مَرَّتَيْنِ مَرَّتَيْنِ. بِمَعْنَى: أَنَّهُ يَغْسِلُ كُلَّ عُضْوٍ مِنْ أَعْضَاءِ الْوُضُوءِ مَرَّةً، أَوْ مَرَّتَيْنِ».

बुख़ारी आदि में नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से यह भी साबित है कि; "आपने एक-एक बार वुज़ू किया, और दो-दो बार", अर्थात आपने वुज़ू के सभी अंगों को एक-एक बार या दो-दो बार धोया।

उत्तर- यह वो चीज़ें हैं जिनके बिना वुज़ू सही नहीं होता है, यदि उनमें से एक भी छोड़ा जाए:

1- चेहरा का धोना, इसी के अन्तर्गत कुल्ली करना और नाक में पानी चढाना है|

2- फिर दोनों हाथों को कुहनियों समेत धोना है।

3- सर का मसह करना, और उसी में कान का मसह भी शामिल है।

4- टखने समेत पैर धोना।

5- क्रमानुसार अंगों को धोना, जैसे चेहरा धोया जाए, फिर दोनों हाथ, फिर सर का मसह और अंतिम में पैर धोये जाएं।

जैसे आधा वुज़ू कर के छोड़ दिया जाए एवं शेष आधे को दूसरे समय किया जाए, तो इस प्रकार वुज़ू सही नहीं होता है।

उत्तर- वुज़ू की सुन्नत का मतलब यह है कि यदि उसको किया जाए तो अधिक नेकी एवं प्रतिफल है, और यदि छोड़ दिया जाए तो कोई गुनाह नहीं है, वुज़ू सही हो जाएगा।

1- तस्मिया अर्थात बिस्मिल्लाह कहना,

2- दातून करना,

3- दोनों हथेलियों को धोना,

4- उंगलियों के बीच खिलाल करना,

5- अंगों को दो या तीन बार धोना,

6- दाएं से शुरू करना,

7- वुज़ू के बाद दुआ पढ़नाः

8- और वुज़ू के बाद दो रक्अत नमाज़ पढ़ना।

प्रश्न 7: वुज़ू को ख़त्म (भंग) कर देने वाली चीज़े कितनी हैं?

उत्तर- आगे या पीछे (मल मूत्र) के रास्ते से जो भी निकले, जैसे मूत्र, मल,

या हवा (अधोवायु, पाद)।

नींद, या पागलपन या बेहोश हो जाना,

ऊँट का मांस खाना

और बिना किसी आड़ के लिंग या गुदा को हाथ से छूना।

उत्तर- पानी न होने या प्रयोग करने में असमर्थ होने की स्थिति में पाक मिट्टी इस्तेमाल करने को तयम्मुम कहते हैं।

उत्तर- अपनी दोनों हथेलियों के भीतर वाले हिस्से को एक बार मिट्टी पर मारना, फिर उससे एक बार चेहरा एवं दोनों हथेलियों के बाहरी हिस्से का मसह करना।

उत्तर- वुज़ू को निरस्त करने वाली प्रत्येक चीज़ तयम्मुम को भी निरस्त कर देती है।

इसके अतिरिक्त जब पानी मिल जाए तो तयम्मुम ख़त्म हो जाता है।

प्रश्न 11: ख़ुफ़्फ़ एवं जौरब क्या हैं? और क्या उनपर मसह किया जा सकता है?

उत्तर- ख़ुफ़्फ़ वह है जो पैर में पहना जाता है, एवं चमड़े का होता है,

जबकि जौरब वह है जो पैर में पहना जाता है, एवं चमड़े के अलावा का होता है।

प्रश्न 12: ख़ुफ़्फ़ पर मसह करने की हिक्मत (तत्वदर्शिता) क्या है?

उत्तर- बन्दे पर आसानी करना, विशेषकर शीत ऋतु, जाड़े एवं सफ़र के समय में, जब पैर के पहनावे को उतारना मुश्किल होता है।

प्रश्न 13: दोनों ख़ुफ़्फ़ पर मसह करने के सही होने के लिए क्या शर्तें हैं?

उत्तर- पहली शर्त यह है कि दोनों मोज़े को पवित्र अवस्था में पहना जाए, अर्थात वुज़ू के बाद।

2- दूसरी शर्त यह है कि मोज़ा पाक हो, नापाक पर मसह करना सही नहीं है।

3- तीसरी शर्त यह है कि वुज़ू में जितनी जगह को धोना ज़रूरी होता है, उतनी जगह को मोज़ा ढ़ांपे रखे।

4- निर्धारित समय तक ही मसह किया जाए, जैसा कि (घर पर) ठहरे रहने वाले के लिए एक दिन एवं एक रात, तथा मुसाफिर के लिए तीन दिन एवं तीन रातें।

प्रश्न 14: दोनों ख़ुफ़्फ़ पर मसह करने की क्या सूरत है?

उत्तर- वह इस तरह से किया जाए कि अपने दोनों हाथों की पानी से तर उंगलियों को अपने दोनों पैरों पर रखे, फिर पिंडलियों तक उसे फेरे, दायां हाथ से दायां पैर का मसह करे एवं बायां हाथ से बायां पैर का मसह, और अपनी उंगलियों को खुली रखे, तथा इसे न दोहराए।

प्रश्न 15: किस चीज़ से मसह ख़त्म हो जाता है?

उत्तर- 1- मसह की अवधि का ख़त्म हो जाना, शरई तौर पर मसह की निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद मोज़े पर मसह करना सही नहीं है, ठहरे व्यक्ति के लिए एक दिन एवं एक रात, तथा मुसाफिर के लिए तीन दिन एवं तीन रातें।

2- मोज़े का उतार देना, यदि इंसान दोनों मोज़ों में से किसी एक को भी

उतार दे तो उनपर मसह नहीं किया जा सकता है।

उत्तर 16: स़लात का क्या अर्थ है?

उत्तर- स़लात: (नमाज़) यह विशिष्ट शब्दों और कार्यों के द्वारा अल्लाह की इबादत करने को कहते हैं, जिसे अल्लाहु अकबर के साथ आरंभ किया जाता है, एवं सलाम से जिसका अंत होता है।

प्रश्न 17: स़लात (नमाज़) का क्या हुक्म है?

हर मुसलमान पर नमाज़ अनिवार्य है।

अल्लाह तआला फ़रमाता है:

﴿...إِنَّ الصَّلَاةَ كَانَتْ عَلَى الْمُؤْمِنِينَ كِتَابًا مَوْقُوتًا﴾

"अवश्य नमाज़ मोमिनों पर निश्चित तथा निर्धारित समय पर अनिवार्य की गई है"। [सूरा अल-निसा: 103]

प्रश्न 18: नमाज़ छोड़ने का क्या हुक्म है?

उत्तर- नमाज़ छोड़ना कुफ़्र है, नबी -उनपर अल्लाह की दया एवं शांति हो- ने फ़रमाया:

"हमारे और उन (काफिरों) के बीच अंतर केवल नमाज़ का है, इसलिए जिस व्यक्ति ने उसे छोड़ दिया उसने कुफ्र किया"।

इस हदीस को इमाम अहमद और तिरमिज़ी आदि ने रिवायत किया है।

प्रश्न 19: मुसलमान पर दिन एवं रात में कितनी नमाज़ें फ़र्ज़ हैं? एवं हर नमाज़ की रक्अतों की संख्या क्या है?

उत्तर- दिन व रात में पांच नमाज़ें फ़र्ज़ हैं, फ़ज्र की नमाज़: दो रक्अत, ज़ुह्र की नमाज़: चार रक्अत, अस्र की नमाज़: चार रक्अत, मग्रिब की नमाज़: तीन रक्अत एवं इशा की नमाज़: चार रक्अत।

प्रश्न 20: नमाज़ की कितनी शर्तें हैं?

उत्तर- 1- इस्लाम, काफ़िर की नमाज़ सही नहीं।

2- अक़्ल, पागल की नमाज़ सही नहीं होती।

3- बुद्धि, छोट बच्चा जिसे अच्छे बुरे की तमीज़ नहीं, उसकी नमाज़ नहीं होती है।

4- निय्यत (इरादा)।

5- समय का होना।

6- नापाकी से पाक होना

7- गंदगी से पाक होना

8- नग्नता को ढकना

9- क़िबला की ओर मुँह करना

प्रश्न 21: नमाज़ के कितने स्तंभ (अरकान) हैं?

उत्तर- नमाज़ के चौदह स्तंभ हैं, और वह इस प्रकार हैं:

पहला: क्षमता रखने वाले पर फ़र्ज़ नमाज़ में खड़ा होना,

तकबीर-ए-तहरीमा, और यह "अल्लाहु अकबर" कहना है,

सूरा फ़ातिहा पढ़ना,

रुकुअ, (जिसमें) अपनी पीठ को सपाट रखे और अपना सिर आगे की ओर रखे,

सीधा खड़ा होना,

सज्दा, तथा सज्दा की जगह में अपनी पेशानी, नाक, दोनों हथेलियों, घुटनों, और दोनों पैर की उंगलियों के किनारों को टिकाए।

सज्दे से सिर उठाना,

दोनों सज्दों के बीच बैठना,

सुन्नत यह है किः बायां पैर को बिछाए एवं दायां पैर को खड़ा रखे, तथा उसे क़िबला रुख रखे।

शांति, और यह नमाज़ के हर काम में सुकून का होना है।

अंतिम तशह्हुद,

उसके लिए बैठना,

और दोनों सलाम, और वह यह है कि दो बार "अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाह" कहा जाए।

स्तंभों के क्रम का ख़्याल -जैसा कि मैं ने उल्लेख किया-, यदि जान बूझ कर रुकूअ से पहले सज्दा करे, तो नमाज़ बातिल (व्यर्थ) हो जाएगी, और यदि भूल कर करे तो उसके लिए लौटकर रुकूअ करना, फिर सजदा करना वाजिब है।

प्रश्न 22: नमाज़ की अनिवार्य चीज़ों का उल्लेख करें?

उत्तर- नमाज़ की अनिवार्य चीज़ें आठ हैं, और वह इस प्रकार हैं:

1- तकबीर-ए-तहरीमा के अलावा दूसरी तकबीरें,

2- इमाम और अकेले के लिए "समिअल्लाहु लिमन हमिदह" कहना,

3- "रब्बना व लकल हम्द" कहना,

4- रुकूअ में (कम से कम) एक बार "सुब्हान् रब्बी अल-अज़ीम" कहना,

5- सज्दों में (कम से कम) एक बार "सुब्हान रब्बी अल-आला" कहना,

6- दोनों सज्दों के बीच "रब्बिग़्फ़िर ली" कहना,

7- पहला तशह्हुद

8- और पहले तशह्हुद के लिए बैठना।

प्रश्न 23: नमाज़ की सुन्नतें क्या हैं?

उत्तर- नमाज़ की ग्यारह सुन्नतें हैं, और वह इस प्रकार हैं:

1- तकबीर-ए-तहरीमा कहने के बाद नमाज़ शुरू करने की दुआ पढ़ेंगे: "सुब्हानका अल्लाहुम्मा व बि हम्दिका, व तबारकस्मुका, व तआला जद्दुका, व ला इलाहा ग़ैरुका"।

2- तअव्वुज़ अर्थात "अऊज़ुबिल्लाहि मीनश् शैतानिर रजीम" पढ़ेंगे।

3- बस्मला अर्थात "बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम" पढ़ेंगे।

4- आमीन कहना,

5- सूरह फ़ातिहा के बाद कोई दूसरा सूरह पढ़ना,

6- इमाम का आवाज़ के साथ क़ुरआन पढ़ना,

तहमीद (अर्थातः रब्बना व लक् अल्हमद) के बाद "मिल्अस् समावाति व मिल्अल अरज़ि, व मिल्अ मा शिअ्त मिन शयइन बादु" कहना,

7- रुकूअ की तसबीह में (एक बार से अधिक) जितना ज़्यादा पढ़ा जाए, दो बार, तीन बार या उससे अधिक बार,

8- सज्दों की तसबीह में (एक बार से अधिक) जितनी बार अधिक पढ़ा जाए,

9- दोनों सज्दों के बीच "रब्बिग़्फ़िर ली" को जितनी अधिक बार पढ़ा जाए,

10- अंतिम तशह्हुद में मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर तथा

उनकी औलाद पर शांति एवं बरकत की दुआ भेजना, फिर उसके बाद दुआ करना।

चौथी बात, अफ़आल अर्थात कार्यों में सुन्नत, जिन्हें हैअत अर्थात कैफीयत कहा जाता है।

1- तकबीर-ए-तहरीमा के साथ दोनों हाथों को उठाना,

2- तथा रुकूअ करते समय,

3- और रुकूअ से उठते समय भी हाथ उठाना,

4- उसके बाद उसे छोड़ देना,

5- दायें हाथ को बायें हाथ पर रखना,

6-अपनी दृष्टि को सज्दे के स्थान पर रखना,

7- ख़ड़े होते हुए दोनों पैरों के बीच दूरी रखना,

8- रुकूअ में अपने दोनों घुटनों को अपनी उंगलियों को फैलाते हुए पकड़ना, पीठ सीधी रखना एवं सिर आगे की ओर रखना,

9- सज्दों में सज्दों के अंगों को ज़मीन पर टिकाना एवं सज्दों की जगह को छूना,

10- अपने दोनों बाज़ू को अपने दोनों पहलू (पसली) से, पेट को रानों से तथा रानों को पिंडलियों से अलग रखना, अपने दोनों घुटनों के बीच दूरी रखना, पैरों को खड़ा रखना, अपनी उंगलियों के अंदरूनी हिस्से को अलग-अलग करते हुए धरती पर बिछाना तथा दोनों हाथों को गर्दन के बराबर फैला कर रखना इस अवस्था में कि दोनों हाथों की उंगलियों सटी हुई हों।

11- दोनों सज्दों के बीच की बैठक एवं पहले तशह्हुद में इफ़तिराश (अपने बायां पैर को चूतड़ के नीचे रखना एवं उसपर बैठना, और दायां पैर को खड़ा रखना) करना एवं दूसरे तशह्हुद में तवर्रुक (अर्थात बायां पैर को

दायें पैर के नीचे से आगे निकाल कर ज़मीन पर बैठना, इस हाल में कि दायां पैर खड़ा हो) करना।

12- दोनों सज्दों के बीच एवं तशह्हुद में दोनों हाथों को दोनों रानों के ऊपर फैला कर एवं उंगलियों को मिला करके रखना, परंतु तशह्हुद की स्थिति में कनिष्ठा एवं अनामिका उंगलियों द्वारा मुट्ठी बना लेना,एवं अंगूठा एवं मध्यमा उंगलियों का दायरा बनाना तथा तर्जनी अर्थात गवाही देने वाली उंगली से अल्लाह का ज़िक्रव् करते समय इशारा करना,

13- सलाम फेरते समय दायें एवं बाएं दोनों ओर देखना।

प्रश्न 24: नमाज़ को बातिल अर्थात ख़त्म कर देने वाली चीज़ें क्या क्या हैं?

उत्तर- 1- नमाज़ के किसी रुक्न (स्तंभ) या शर्तों में से किसी शर्त को छोड़ देना,

2- जान बूझकर बात करना,

3- खाना या पीना,

4- लगातार बहुत अधिक हरकत करना,

5- और नमाज़ के वाजिबात (अनिवार्य कार्यों) में से किसी वाजिब को जान-बुझ कर छोड़ देना।

प्रश्न 25: मुसलमान कैसे नमाज़ पढ़े?

उत्तर- नमाज़ पढ़ने का नियम:

1- अपने पूरे शरीर के साथ सीधी तरह क़िबला रुख हो, बिना किसी विचलन या मोड़ के।

2- फिर ज़बान से कहे बिना उस नमाज़ की दिल में निय्यत करना जो

नमाज़ वह पढ़ना चाहता है।

3- फिर तकबीर-ए-तहरीमा अर्थात "अल्लाहु अकबर" कहते हुए अपने दोनों हाथों को अपने दोनों कंधों तक उठाना।

4- फिर अपनी छाती के ऊपर अपने दाहिने हाथ की हथेली को अपने बाएं हाथ की हथेली के ऊपर रखे।

5- फिर नमाज़ शुरू करने की दुआ पढ़े, और कहे:

या यह दुआ कहेः "सुब्हानका अल्लाहुम्मा व बि हम्दिका, व तबारकस्मुका, व तआला जद्दुका, व ला इलाहा ग़ैरुका"। (तू पवित्र है ऐ अल्लाह! हम तेरी प्रशंसा करते हैं, तेरा नाम बरकत वाला है, तेरी महिमा उच्च है तथा तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं है)।

6- फिर तअव्वुज़ पढ़े अर्थात यों कहेः

7- फिर बिस्मिल्लाह कहे एवं सूरा फ़ातिहा पढ़े, अर्थात यों कहेः

مَالِكِ يَوْمِ الدِّينِ ۝ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وإِيَّاكَ نَسْتَعِينُ ۝

"जो प्रतिकार (बदले) के दिन का मालिक है"।

"(हे अल्लाह) हम तेरी ही उपासना करते हैं तथा तुझ ही से सहायता माँगते हैं"। [सूरा अल-फ़ातिहा: 1-7]

फिर कहेः "आमीन" अर्थात: हे अल्लाह! तू क़बूल कर ले।

8- फिर क़ुरआन से जो भी याद हो पढ़े, सुबह की नमाज़ में अधिक क़ुरआन पढ़े।

9- फिर रुकूअ करे, अर्थात अल्लाह के सम्मान में पीठ झुकाए, एवं रुकूअ करते समय तकबीर कहे तथा अपने दोनों हाथों को अपने दोनों कंधों के बराबर उठाए। सुन्नत यह है कि अपनी पीठ को सीधी रखे, सिर को आगे की

ओर रखे, एवं अपने दोनों होथों को उनकी उंगलियों को फैलाए हुए दोनों घुटनों पर रखे।

«سُبْحَانَ رَبِّيَ العَظِيمِ».

10- रुकूअ में तीन बार कहे:

(हे हमारे पाक रब! हम तेरी ही पाकी बयान करते हैं) और यदि

"سبحانك اللهم وبحمدك، اللهم اغفر لي"

(पवित्र है तू ऐ अल्लाह! अपनी प्रशंसा के साथ, हे अल्लाह! तू मुझे क्षमा कर दे) की वृद्धि करे तो उत्तम है।

«سَمِعَ اللهُ لِمَنْ حَمِدَهُ».

11- फिर रुकूअ से "

कहते हुए अपना सर उठाए, और अपने हाथों को अपने दोनों कंधों तक उठाए। परन्तु मुक़्तदी लोग (जो इमाम के पीछे नमाज़ पढ़ रहे हों) वे

"سمع الله لمن حمده"

न कहें, बल्कि उसके बदले

"ربنا ولك الحمد"

कहें।

12- फिर सर उठाने के बाद कहे:

"ربنا ولك الحمد، ملء السماوات والأرض، وملء ما شئت من شيء بعد"

(ऐ अल्लाह! हमारे रब! तेरी प्रशंसा है, आकाशों के बराबर, ज़मीन के बराबर और इसके बाद तू जो चाहे, उसके बराबर)

13- फिर पहला सज्दा करे, एवं सज्दा करते समय "अल्लाहु अकबर" कहे, तथा सात अंगों पर सज्दा करे: पेशानी (ललाट) और नाक, दोनों हथेली, दोनों घुटने तथा दोनों पैर के किनारे। अपने दोनों बाज़ुओं को अपने दोनों किनारों (पहलू, पसली) से दूर रखे, अपने दोनों हाथों को धरती पर न बिछाए, और अपनी उंगलियों के सिरों को क़िबला रुख रखे।

14- और अपने सज्दों में तीन बार कहे:

"سبحان ربي الأعلى"

(हे हमारे उच्च रब! हम तेरी ही पाकी बयान करते हैं) और यदि

"سبحانك اللهم وبحمدك، اللهم اغفر لي"

की वृद्धि करे तो उत्तम है।

15- फिर सज्दा से अपने सर को "अल्लाहु अकबर" कहते हुए उठाए।

16- फिर दोनों सज्दों के बीच अपने बायां पैर पर बैठे एवं दायां पैर खड़ा रखे, अपना दायां हाथ घुटना के क़रीब अपने दायें जाँघ पर रखे, अनामिका एवं कनिष्ठा उंगलियों को मुट्ठी के आकर में कर ले, तर्जनी को खड़ी कर ले एवं दुआ कहते हुए उस से इशारा करे, एवं अंगूठा तथा मध्यमा उंगलियों से एक दायरा बनाए। जबकि बायां हाथ बाईं जांघ के घुटने के क़रीब, उंगलियों को फैलाते हुए रखे।

17- दोनों सज्दों के बीच की बैठक में दुआ पढ़ेः

18- फिर पहले सज्दा की तरह दूसरा सज्दा करे, तथा इसमें वही कहे एवं करे जो पहले में कहा तथा किया था, एवं तकबीर कहते हुए सज्दा करे।

19- फिर तकबीर अर्थात अल्लाहु अकबर कहते हुए दूसरे सज्दा से उठे, और पहली रक्अत की तरह ही दूसरी रक्अत पढ़े, नमाज़ शुरू करने की

दुआ के सिवा वही कहे एवं करे, जो पहली रक्अत में कहा एवं किया था।

20- फिर दूसरी रक्अत समाप्त करने के बाद तकबीर कहते हुए बैठे, उसी प्रकार जिस प्रकार दोनों सज्दों के बीच बैठा था।

21- इस बैठक में तशह्हुद पढ़े, अतः यों कहे:

"التَّحِيَّاتُ لِلَّهِ وَالصَّلَوَاتُ وَالطَّيِّبَاتُ، السَّلَامُ عَلَيْكَ أَيُّهَا النَّبِيُّ وَرَحْمَةُ اللهِ وَبَرَكَاتُهُ، السَّلَامُ عَلَيْنَا وَعَلَى عِبَادِ اللهِ الصَّالِحِينَ، أَشْهَدُ أَنْ لا إِلَهَ إِلَّا اللهُ، وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ.

اللَّهُمَّ صَلِّ عَلَىٰ مُحَمَّدٍ وَعَلَىٰ آلِ مُحَمَّدٍ، كَمَا صَلَّيْتَ عَلَىٰ إِبْرَاهِيمَ وَعَلَىٰ آلِ إِبْرَاهِيمَ، إِنَّكَ حَمِيدٌ مَجِيدٌ، وَبَارِكْ عَلَىٰ مُحَمَّدٍ وَعَلَىٰ آلِ مُحَمَّدٍ، كَمَا بَارَكْتَ عَلَىٰ إِبْرَاهِيمَ وَعَلَىٰ آلِ إِبْرَاهِيمَ، إِنَّكَ حَمِيدٌ مَجِيدٌ.

أَعُوذُ بِاللهِ مِنْ عَذَابِ جَهَنَّمَ، وَمِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ، وَمِنْ فِتْنَةِ الْمَحْيَا وَالْمَمَاتِ، وَمِنْ فِتْنَةِ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ".

"अत्तहिय्यातो लिल्लाहि, वस्सला-वातो, वत्तैयिबातो, अस्सलामो अलैका अय्युहन्नबिय्यु व रहमतुल्लाहि व बरकातुहू, अस्सलामो अलैना व अला इबादिल्लाहिस्सालिहीन, अशहदु अल ला इलाहा इल्लल्लाहु, व अशहदु अन्ना मुहम्मदन अब्दुहू व रसूलुहू "(हर प्रकार का सम्मान, समग्र दुआएँ एवं समस्त अच्छे कर्म व अच्छे कथन अल्लाह के लिए हैं। हे नबी! आपके ऊपर सलाम, अल्लाह की कृपा तथा उसकी बरकतों की वर्षा हो, हमारे ऊपर एवं अल्लाह के भले बंदों के ऊपर भी सलाम की जलधारा बरसे, मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवाय कोई सत्य माबूद (पूज्य) नहीं एवं मुहम्मद अल्लाह के बंदे तथा उस के रसूल हैं)। अल्लाहुम्मा सल्ले अला

मुहम्मद, व अला आले मुहम्मद, कमा सल्लैता अला इब्राहीमा व अला आले इब्राहीम, इन्नका हमीदुम मजीद, अल्लाहुम्मा बारिक अला मुहम्मद, व अला आले मुहम्मद, कमा बारक्ता अला इब्राहीमा व अला आले इब्राहीम, इन्नका हमीदुम मजीद (हे अल्लाह! मुहम्मद एवं उनकी संतान-संतति पर उसी प्रकार से शांति उतार, जिस प्रकार से तूने इब्राहीम एवं उनकी संतान-संतति पर शांति उतारी थी। निस्संदेह तू प्रशंसा योग्य तथा सम्मानित है। (ऐ अल्लाह!) मुहम्मद तथा उनकी संतान-संतति पर उसी प्रकार से बरकतों की बारिश कर, जिस प्रकार से तूने इब्राहीम एवं उनकी संतान-संतति पर की है। निस्संदेह तू प्रशंसा योग्य तथा सम्मानित है)"।

«السَّلَامُ عَلَيكُم وَرَحْمَةُ اللهِ».

22- फिर अपनी दायीं ओर

" कहते हुए सलाम फेरे, और इसी प्रकार से बायीं ओर।

23- यदि नमाज़ तीन या चार रक्अतों वाली हो, तो पहले तशह्हुद के

अन्त पर रुक जाएगा, और वह है:

«أَشْهَدُ أَنْ لا إِلَهَ إِلَّا اللهُ، وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ».

तक।

24- फिर "अल्लाहु अकबर" कहते हुए उठ जाएगा, एवं अपने दोनों हाथों को दोनों कंधों के बराबर उठायेगा।

25- फिर दूसरी रक्अत की तरह ही शेष नमाजों को पढ़ेगा, परन्तु ध्यान रहे कि इन रक्अतों में केवल सूरा फ़ातिहा ही पढ़ेगा।

26- फिर तवर्रुक करते हुए बैठेगा, और वह इस तरह है कि अपने बायां पैर को दायीं पिंडली के नीचे से निकालेगा, एवं धरती पर चूतड़ टिका कर

बैठेगा, और अपने हाथों को जांघों के ऊपर उसी प्रकार से रखेगा जिस प्रकार से पहले तशह्हुद में रखा था।

27- इस बैठक में पूरा तशह्हुद पढ़ेगा।

«السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللهِ».

28- फिर अपनी दायीं ओर

" कहते हुए सलाम फेरेगा, और उसी प्रकार बायीं ओर।

प्रश्न 26: नमाज़ से सलाम फेरने के बाद क्या दुआएं पढ़ेगा?

उत्तर- "أَسْتَغْفِرُ الله" (हे अल्लाह! हम तेरी क्षमा चाहते हैं) तीन बार कहे। फिर कहेः

«اللَّهُمَّ أَنْتَ السَّلَامُ، وَمِنْكَ السَّلَامُ، تَبَارَكْتَ يَا ذَا الجَلَالِ وَالإِكْرَامِ».

"ऐ अल्लाह! तू ही सुरक्षा तथा शांति का मालिक है और तेरी ही ओर से सुरक्षा एवं शांति प्राप्त होती है। हे प्रताप और सम्मान के आधिपत्य वाले ! तू बड़ी बरकतों वाला है"।

«لا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لا شَرِيكَ لَهُ، لَهُ المُلْكُ وَلَهُ الحَمْدُ، وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيءٍ قَدِيرٌ، اللَّهُمَّ لا مَانِعَ لِمَا أَعْطَيْتَ، وَلا مُعْطِيَ لِمَا مَنَعْتَ، وَلا يَنْفَعُ ذَا الجَدِّ مِنْكَ الجَدُّ».

"अल्लाह के सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं है, वह अकेला है, उसका कोई साझी नहीं है, उसी की बादशाहत है और उसी के लिए समस्त प्रशंसा है और वह हर काम में सक्षम है। ऐ अल्लाह! जो कुछ तू दे उसे कोई रोकने वाला नहीं है, और जो कुछ तू रोक ले, उसे कोई देने वाला नहीं है, तथा किसी प्रतिष्ठावान व्यक्ति की प्रतिष्ठा तेरे यहाँ कुछ काम नहीं दे सकती"।

«لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ، وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ، لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ، وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ، لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللهِ، لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ، وَلَا نَعْبُدُ إِلَّا إِيَّاهُ، لَهُ النِّعْمَةُ وَلَهُ الْفَضْلُ، وَلَهُ الثَّنَاءُ الْحَسَنُ، لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ مُخْلِصِينَ لَهُ الدِّينَ، وَلَوْ كَرِهَ الْكَافِرُونَ».

"अल्लाह के सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं है,

वह अकेला है, उसका कोई साझी नहीं है, उसी की बादशाहत है, और उसी की सब प्रशंसा है, और वह हर काम में सक्षम है। अल्लाह के अतिरिक्त न कोई भलाई का सामर्थ्य प्रदान कर सकता है और न बुराई से रोकने की क्षमता रखता है। अल्लाह के सिवा कोई सच्चा उपास्य नहीं है, हम केवल उसी की उपासना करते हैं, उसी की सब नेमतें हैं, और उसी का सब पर उपकार है, और उसी के लिए समस्त अच्छी प्रशंसाएँ हैं। अल्लाह के सिवा कोई सत्य पूज्य नहीं है, हम उसी के लिए धर्म को विशुद्ध करते हैं, चाहे ये बात काफिरों को नागवार (अप्रिय) लगती हो"।

तैंतीस बार

«سُبْحانَ اللهِ» ثلاثا وثلاثين مرة.

(सुब्हान अल्लाह), तैंतीस बार

«الحَمْدُ لله» ثلاثا وثلاثين مرة.

(अल्हम्दुलिल्लाह),

प्रश्न 27: रवातिब सुन्नतें क्या हैं? उनका क्या महत्व है?

उत्तर- फ़ज्र से पहले दो रक्अत।

ज़ुह से पहले चार रक्अत

तथा ज़ुह्र के बाद दो रक्अत।

मग़रिब के बाद दो रक्अत

और इशा के बाद दो रक्अत।

इनकी फ़ज़ीलत: जैसा कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया है:

«مَنْ صَلَّى فِي الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ اثْنَتَيْ عَشْرَةَ رَكْعَةً تَطَوُّعًا، بَنَى اللهُ لَهُ بَيْتًا فِي الْجَنَّةِ».

"जिसने दिन एवं रात की बारह रक्अत सुन्नतें पढ़ी, अल्लाह उसके लिए जन्नत में घर बनाएगा"।

प्रश्न 28: हफ़्ते (सप्ताह) का सर्वोत्तम दिन कौन सा है?

उत्तर- जुमा का दिन, नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने इरशाद फ़रमाया है:

वर्णनकर्ता कहते हैं: आपके साथियों ने आपसे सवाल किया, हे अल्लाह के रसूल! हमारे दुरूद आप पर कैसे पेश किए जायेंगे, जबकि आप सड़ गल गए होंगे -वे लोग हदीस़ में वर्णित शब्द "अरमता" का अर्थ "पुराना होना एवं सड़ गल जाना" के लेते थे- तो आपने फरमाया:

प्रश्न 29: जुमुआ की नमाज़ का क्या आदेश है?

उत्तर- प्रत्येक समझ रखने वाले, वयस्क, पुरुष एवं निवासी मुसलमान पर व्यक्तिगत रूप से फ़र्ज़ है।

﴿ يَٰٓأَيُّهَا ٱلَّذِينَ ءَامَنُوٓاْ إِذَا نُودِيَ لِلصَّلَوٰةِ مِن يَوۡمِ ٱلۡجُمُعَةِ فَٱسۡعَوۡاْ إِلَىٰ ذِكۡرِ ٱللَّهِ وَذَرُواْ ٱلۡبَيۡعَۚ ذَٰلِكُمۡ خَيۡرٞ لَّكُمۡ إِن كُنتُمۡ تَعۡلَمُونَ ٩ ﴾

"ऐ ईमान वालो! जब जुमा के दिन नमाज़ के लिए आवाज़ दी जाए, तो अल्लाह की याद की ओर दौड़ पड़ो, तथा क्रय-विक्रय छोड़ दो। यह तुम्हारे

लिए बेहतर है, यदि तुम जानते हो"।

[सूरा अल-मुनाफ़िक़ून: 9]

प्रश्न 30: जुमुआ की नमाज़ में रक्अतों की संख्या कितनी है?

उत्तर- जुमुआ की नमाज़ की रक्अतों की संख्या दो है, जिसमें इमाम बुलंद आवाज़ से क़ुरआन पढ़ेगा। उस से पहले दो ख़ुतबे (भाषण) होते हैं जैसाकि सभी को पता है।

प्रश्न 31: क्या जुमुआ की नमाज़ छोड़ना जायज़ है?

उत्तर- बिना किसी शरई उज़्र (उचित कारण) के जुमुआ की नमाज़ छोड़ना जायज़ नहीं है, नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से वर्णित है:

«مَنْ تَرَكَ ثَلَاثَ جُمَعٍ تَهَاوُنًا بِهَا؛ طَبَعَ اللهُ عَلَى قَلْبِهِ».

"जो व्यक्ति तीन जुमुआ सुस्ती के कारण छोड़ दे अल्लाह (तआला) उसके हृदय पर मुहर लगा देगा"।

प्रश्न 32: जुमुआ के दिन की सुन्नतों के बारे में बताइए?

उत्तर-

1- स्नान करना,

2-खुशबु लगाना

3- अच्छा कपड़ा पहनना

4- मस्जिद जल्दी जाना

5- नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर अधिकाधिक दुरूद भेजना

6- सूरा अल-कह्फ़ पढ़ना

7- पैदल चलकर मस्जिद जाना

8- दुआ क़बूल होने के समय को तलाश करना

प्रश्न 33: जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ने का महत्व बयान कीजिए?

उत्तर- अब्दुल्लाह बिन उमर -रज़ियल्लाहु अनहुमा- से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया:

प्रश्न 34: नमाज़ में ख़ुशूअ (श्रद्धा) का क्या अर्थ है?

उत्तर- इसका अर्थ है दिल उपस्थित हो एवं इसके दौरान सारे अंग शांत एवं विनीत हों।

[सूरा अल-मोमिनून: 1,2]

प्रश्न 35: ज़कात को परिभाषित करें?

उत्तर- यह विशेष समय में, विशेष लोगों पर, विशेष धन में एक वाजिब हक़ है।

यह इस्लाम के स्तंभों में से एक स्तंभ है, यह वाजिब ज़दक़ा (दान) है जो मालदार से लेकर ग़रीब को दिया जाता है।

[सूरा अल-बक़रा: 43]

प्रश्न 36: मुस्तहब ज़दक़ा (जो करे तो बेहतर न करे तो कोई बात नहीं) क्या है?

उत्तर- वह ज़कात के अलावा है, जैसे किसी भी समय भलाई के कामों में ख़र्च करना।

[सूरा अल-बक़रा: 195]

प्रश्न 37: रोज़ा की परिभाषा क्या है?

उत्तर- रोज़ा अल्लाह की इबादत की निय्यत (इरादा) से फ़ज्र प्रकट होने के समय से सुर्यास्त तक रोज़ा तोड़ने वाली चीज़ों से बचे रहने का नाम है। यह दो प्रकार का होता है।

फ़र्ज़ रोज़ा: जैसे कि रमज़ान महीने का रोज़ा, यह इस्लाम के स्तंभों में से एक स्तंभ है।

﴿يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِينَ مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُونَ ﴿١٨٣﴾﴾

"ऐ ईमान वालो! तुम पर रोज़े अनिवार्य किए गए हैं, जैसा कि तुम से पहले के लोगों पर अनिवार्य किये गए थे, आशा है कि तुम संयमी एवं धर्मपरायण बन जाओ"।

[सूरा अल-बक़रा: 183]

गैर वाजिब रोज़ाः जैसे कि हर हफ़्ते के सोमवार एवं बृहस्पतिवार के रोज़े, हर महीने में तीन दिन के रोज़े, इस में सर्वोत्तम है चंद्र-मास के बीच के दिनों के अय्याम-ए-बीज़ (13, 14, 15 तारीख़) के तीन दिन के रोज़े।

प्रश्न 38: रमज़ान महीना के रोज़े की श्रेष्ठता बताइए?

उत्तर- अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

«مَنْ صَامَ رَمَضَانَ إِيمَانًا وَاحْتِسَابًا؛ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ».

"जिसने ईमान के साथ और नेकी की आशा मन में लिए हुए, रमज़ान के रोज़े रखे, उसके पिछले सारे (छोटे) गुनाह माफ़ कर दिए जाते हैं"।

प्रश्न 39: रमजान के अलावा अन्य समय में स्वैच्छिक (नफ़्ली) रोज़े की महत्ता का उल्लेख करें?

उत्तर- अबू सईद ख़ुदरी रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है, वह कहते हैं कि रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

प्रश्न 40: रोज़ा को बिगाड़ देने वाली कुछ चीज़ों के बारे में बताएं?

उत्तर- 1- जान बूझकर खा पी लेना

2- जान बूझकर उल्टी करना

3- इस्लाम से फिर जाना

प्रश्न 41: रोज़ा की क्या सुन्नतें हैं?

उत्तर- 1- इफ़्तार (रोज़ा तोड़ने) में जल्दी करना

2- सेहरी करना एवं उसमें देर करना

3- अधिकाधिक भलाई एवं इबादत के कामों को करना

4- जब कोई गाली दे तो रोज़ेदार का यह कहना किः मैं रोज़ा से हूँ

5- इफ़्तार के समय दुआ करना

6- रुतब (गीली खजूर) या सुखी खजूर से इफ़्तार करना, यदि यह न मिले तो पानी से

प्रश्न 42: हज्ज को परिभाषित कीजिए?

उत्तर- हज्ज, अल्लाह की इबादत के लिए विशेष समय में, विशेष कार्यों के लिए मक्का में अल्लाह के घर हरम का सफ़र करने को कहते हैं।

﴿...وَلِلَّهِ عَلَى النَّاسِ حِجُّ الْبَيْتِ مَنِ اسْتَطَاعَ إِلَيْهِ سَبِيلًا وَمَنْ كَفَرَ فَإِنَّ اللَّهَ

غَنِيٌّ عَنِ الْعَالَمِينَ﴾

"अल्लाह तआला ने उन लोगों पर जो इस घर तक पहुंचने के सामर्थी हों, इस घर का हज्ज अनिवार्य किया है, और जो कोई कुफ्र (अर्थात इस आदेश का पालन न करे) तो अल्लाह तआला (उससे बल्कि) पूरे विश्व से निस्पृह है"। [सूरा आले-इमरान: 97]

प्रश्न 43: हज्ज के अरकान (स्तंभों) की संख्या कितनी है?

उत्तर- 1- इहराम

2- अरफ़ा में ठहरना

3- तवाफ़-ए-इफ़ाज़ा

4- स़फ़ा एवं मरवा पहाड़ी के बीच दौड़

प्रश्न 44: हज्ज का क्या महत्व है?

उत्तर- अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

प्रश्न 45: उमरा क्या है?

उत्तर- उमरा, अल्लाह की इबादत के लिए किसी भी समय में, विशेष कार्यों के लिए मक्का में अल्लाह के घर काबा का सफ़र करने को कहते हैं।

प्रश्न 46: उमरा के अरकान (स्तंभों) की संख्या कितनी है?

उत्तर- 1- इहराम

2- काबा का त़वाफ़

3- स़फ़ा एवं मरवा पहाड़ी के बीच दौड़।

प्रश्न 47: अल्लाह के रास्ते में जिहाद का क्या अर्थ है?

उत्तर- यह इस्लाम को फैलाने और इस्लाम तथा मुसलमानों की रक्षा करने, या इस्लाम तथा मुसलमानों के शत्रुओं से लड़ने के लिए प्रयास और कोशिश करने को कहते हैं।

﴿...وَجَاهِدُوا بِأَمْوَالِكُمْ وَأَنْفُسِكُمْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ذَلِكُمْ خَيْرٌ لَكُمْ إِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُونَ﴾

"और अपने धनों तथा प्राणों से अल्लाह की राह में जिहाद करो, यही तुम्हारे लिए उत्तम है, यदि तुम ज्ञान रखते हो"।

[सूरा अल-तौबा: 41]

***

प्रश्न 1: हमारे पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की वंशावली क्या है?

मुहम्मद पुत्र अब्दुल्लाह पुत्र अब्दुल मुत्तलिब पुत्र हाशिम है। हाशिम क़ुरैश ख़ानदान से हैं, तथा क़ुरैश एक अरबी ख़ानदान है। और अरब (लोग) इस्माईल पुत्र इब्राहीम ख़लील की औलाद हैं। उन पर तथा हमारे नबी पर सर्वश्रेष्ठ प्रशंसा एवं शांति का अवतरण हो।

प्रश्न 2: हमारे पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की माता का नाम क्या है?

उत्तर- आमिना, पुत्री वहब।

उत्तर- आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पिता की मृत्यु मदीना में हुई थी, जब आप गर्भ में ही थे, अभी आपका जन्म नहीं हुआ था।

प्रश्न 4- नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का जन्म कब हुआ था?

उत्तर- हाथी वाली घटना के साल, अरबी महीना रबीउल अव्वल में सोमवार के दिन।

उत्तर- मक्का में।

उत्तर- आपके पिता जी की दासी उम्मे ऐमन,

उत्तर- जब आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम छः वर्ष के थे तब आपकी माता की मृत्यु हो गई थी, उनके बाद आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने आपकी देख-रेख की।

उत्तर- जब आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम आठ साल के बच्चे थे तो आपके दादा जी भी आपको छोड़ कर चले गए, उनके बाद आपके चाचा अबू तालिब ने आपकी देखभाल की।

उत्तर- आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम जब बारह साल के थे तो आपने अपने चचा के साथ शाम (सीरिया) की यात्रा की।

उत्तर- आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की दूसरी यात्रा हज़रत खदीज़ा -अल्लाह उनसे राज़ी हो- के माल के साथ व्यापार के सिलसिले में हुई, जब आप यात्रा से लौटे तो हज़रत ख़दीजा के साथ आपका विवाह हुआ। उस समय आपकी आयु पच्चीस वर्ष थी।

उत्तर- जब आप पैंतीस वर्ष के थे तो क़ुरैश ने काबा को दोबारा बनाया।

उत्तर- उस समय आपकी आयु चालीस वर्ष थी, और आपको तमाम लोगों की ओर शुभ संदेश देने वाला एवं डराने वाला बनाकर भेजा गया था।

प्रश्न 13: वह्यी (प्रकाशना, अल्लाह की ओर से भेजा गया पैग़ाम) की शुरूआत कैसे हुई?

उत्तर- इसका आरंभ सच्चे सपनों के द्वारा हुआ, आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम जो भी सपना देखते थे, बिल्कुल वैसा ही घटित होता था।

उत्तर- आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम कई कई दिन का खाना ले जाकर हिरा नामी गुफ़ा में अल्लाह की इबादत करते थे,

उत्तर- अल्लाह तआला का यह कथन: [सूरा अल-अलक़: 1-5]

उत्तर- पुरुषों में से: अबू बक्र अल-सिद्दीक़, महिलाओं में से: ख़दीजा पुत्री ख़ुवैलिद, बच्चों में से: अली पुत्र अबू तालिब, सेवकों में से: ज़ैद बिन हारिसा और ग़ुलामों में से बिलाल हब्शी, अल्लाह उन सबसे एवं समस्त दूसरे सहाबा से राज़ी हो।

उत्तर- पहले तीन वर्ष तक यह काम छुप छुपाकर होता था, फिर आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को अपनी दावत का एलान करने का आदेश दिया गया।

प्रश्न 18: दावत के एलान के बाद आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम एवं जो लोग आप पर ईमान लाए, उनका क्या हाल हुआ?

उत्तर- मुश्रिकों अर्थात बहुदेववादियों ने आप को तथा मुसलमानों को बहुत कष्ट दिया, यहाँ तक कि मुसलमानों को हब्शा में नजाशी बादशाह की ओर हिजरत (पलायन) करने की अनुमति दे दी गई।

मुश्रिकों ने नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को तकलीफ़ देने एवं आपकी हत्या करने पर सहमति कर ली, तो अल्लाह ने आपको बचाया और

आपके चचा को आपके इर्द-गिर्द दीवार बनाकर खड़ा कर दिया ताकि वह आपको उनसे बचाएं।

प्रश्न 19: आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के नबी बनाए जाने के दसवें वर्ष किसकी मृत्यु हुई?

उत्तर- आपके चचा अबु तालिब एवं आप की पत्नी ख़दीजा -अल्लाह उनसे राज़ी हो- दोनों की मृत्यु हुई।

उत्तर- जब आपकी आयु पच्चास वर्ष की थी, और उसी में आप पर पाँच वक़्त की नमाज़ें फ़र्ज़ हुई।

इसरा: मस्जिद-ए-हराम से मस्जिद-ए-अक़्सा तक था।

मेअराज: मस्जिद-ए-अक़्सा से आसमान की ओर सिदरतुल मुन्तहा तक था।

प्रश्न 21: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मक्का के बाहर लोगों को कैसे दीन की ओर बुलाते थे?

उत्तर- आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने ताइफ़ वालों को दावत दी, इसी तरह आप ह़ज्ज के मौसम, त्योहारों एवं लोगों की भीड़ में अपने आपको पेश करते, यहाँ तक कि मदीना से कुछ अंसार लोग आए, तथा वे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर ईमान ले आए और आपकी मदद करने की शपथ उठाई।

प्रश्न 22: आपकी दावत मक्का में कितने दिनों तक जारी रही?

उत्तर- तेरह सालों तक।

प्रश्न 23: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने कहाँ हिजरत की?

उत्तर- मक्का से मदीना ओर।

उत्तर- दस वर्षों तक।

उत्तर- ज़कात, रोज़ा, हज्ज, जिहाद, अज़ान के फ़र्ज़ होने के साथ साथ दूसरे इस्लामी क़ानून लागू हुए।

प्रश्न 26: आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के प्रमुख युद्ध (गज़वात) कौन कौन से हैं?

उत्तर- बद्र की जंग,

उहुद की जंग,

अहज़ाब की जंग

एवं मक्का विजय का युद्ध।

उत्तर- अल्लाह तआला का यह कथन:

﴿وَٱتَّقُوا۟ يَوْمًا تُرْجَعُونَ فِيهِ إِلَى ٱللَّهِ ۖ ثُمَّ تُوَفَّىٰ كُلُّ نَفْسٍ مَّا كَسَبَتْ وَهُمْ لَا يُظْلَمُونَ ﴿٢٨١﴾﴾

"तथा उस दिन से डरो, जिसमें तुम अल्लाह की ओर लौटाए जाओगे, फिर प्रत्येक प्राणी को उसके किए हुए का पूरा बदला दिया जाएगा, तथा उनपर अत्याचार नहीं किया जाएगा"। [सूरा अल-बक़रा: 281]

प्रश्न 28: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का देहांत कब हुआ, और उस समय आपकी आयु क्या थी?

उत्तर- हिजरत के ग्यारहवें वर्ष, रबिउल अव्वल के महीना में आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की मृत्यु हुई, तथा उस समय आपकी आयु

तिरसठ वर्ष थी।

प्रश्न 29: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की पत्नियों का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- ख़दीजा बिन्त ख़ुवैलिद रज़ियल्लाहु अन्हा।

2- सौदा बिन्त ज़म्आ रज़ियल्लाहु अन्हा।

3- आइशा बिन्त अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हा।

4- हफ़्सा बिन्त उमर रज़ियल्लाहु अनहा।

5- ज़ैनब बिन्त ख़ुज़ैमा रज़ियल्लाहु अन्हा।

6- उम्मे सलमह हिन्द बिन्त अबू उमय्या रज़ियल्लाहु अन्हा।

7- उम्मे ह़बीबा बिन्त अबू सुफ़्यान रज़ियल्लाहु अन्हा।

8- जुवैरिया बिन्त ह़ारिस रज़ियल्लाहु अन्हा।

9- मैमूना बिन्त ह़ारिस रज़ियल्लाहु अन्हा।

10- सफ़िय्या बिन्त हुय्य रज़ियल्लाहु अन्हा।

11- ज़ैनब बिन्त जह़श रज़ियल्लाहु अन्हा।

प्रश्न 30: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की औलाद कौन कौन थे?

उत्तर- तीन लड़के:

क़ासिम, इन्हीं की वजह से आपको अबु अल-क़ासिम कहा जाता है।

अब्दुल्लाह।

और इब्राहीम।

लड़कियां:

फ़ातिमा।

रुक़य्या।

उम्मे कुलसूम।

ज़ैनब।

इब्राहीम के अलावा आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की सभी औलाद ख़दीजा रज़ियल्लाहु अन्हा से थीं, और सभी की मृत्यु आप से पहले ही हो गई थी, सिवाय फ़ातिमा (रज़ियल्लाहु अन्हा) के जिनकी मृत्यु आपके देहांत के छः महीने बाद हुई थी।

प्रश्न 31: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के कुछ शारीरिक गुणों के बारे में बताएं?

उत्तर- नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम एक मध्यम कद के आदमी थे, न लंबे और न नाटे, बल्कि उसके बीच बीच। आपका रंग लालिमा लिए हुए गोरा था, घनी दाढ़ी, आँखें कुशादा , बड़ा मुँह, बाल बहुत काले, चौड़ा कंधा और आपकी ख़ुशबू बहुत अच्छी थी, इसके अलावा भी आपके अंदर अनेक सुन्दर गुण थे।

प्रश्न 31: नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने अपनी उम्मत को किस पर छोड़ा?

उत्तर- नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने अपनी उम्मत को एक प्रकाशमान स्पष्ट मार्ग पर छोड़ा, उसकी रात भी उसके दिन की तरह प्रकाशमान है, उससे वही भटक सकता है जो बर्बाद होना चाहता है। आपने अपनी उम्मत को हर भलाई का रास्ता दिखा दिया एवं उसे हर बुराई से सचेत कर दिया।

प्रश्न 1: सूरा फ़ातिहा पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा फ़ातिहा और उसकी तफ़सीर:

[सूरा अल-फ़ातिहा: 1-7]

1- "बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम" बिस्मिल्लाह का अर्थ है कि मैं आरंभ करता हूँ क़ुरआन पढ़ना, अल्लाह के नाम की बरकत से एवं उससे मदद माँगते हुए।

"अल्लाह" अर्थात सत्य पूज्य, उसके अतिरिक्त इस नाम किसी अन्य को नहीं दिया जा सकता है।

"अर-रहमान" (कृपाशील): व्यापक कृपा का मालिक, जिसकी कृपा हर चीज़ को शामिल है।

"अर-रहीम" अर्थात मोमिनों पर रहम करने वाला।

2- "अल-हम्दु लिल्लाहि रब्बि अल-आलमीन" अर्थात: सभी प्रकार की प्रशंसा एवं कमाल केवल एक अल्लाह के लिए है, जो सारे जहानों का रब है।

3- "अर-रहमानिर रहीम" अर्थात: जो व्यापक रहमत वाला है, जिसकी रहमत हर चीज़ को शामिल है, और उसकी दया व कृपा मोमिनों तक पहुँचती है।

4- "मालिकि यौमिद्दीन" जो क़यामत के दिन का मालिक है।

5- "इय्याका नअ्बुदु व इय्याका नस्तईन" अर्थात: हे अल्लाह! हम केवल तेरी ही इबादत करते हैं और केवल तुझ से ही मदद माँगते हैं।

6- "इहदिनस़् स़िरात़ल मुसतक़ीम": हमें सीधा मार्ग दिखा, अर्थात: इस्लाम एवं सुन्नत का मार्ग।

7- "स़िरात़ल लज़ीना अन्अम्ता अलैहिम, ग़ैरिल मग़ज़ूबि अलैहिम,

वलज़्ज़ाल्लीन" अर्थात: तू हमें अपने नेक बन्दों यानी नबियों एवं उनके अनुयायियों का मार्ग दिखा, जिन पर तूने पुरस्कार किया है, न कि यहूद व ईसाइयों का मार्ग, जो पथभ्रष्ट हो गए।

सुन्नत यह है कि इस सूरा को पढ़ने के बाद "आमीन" कहा जाए, अर्थात: हे अल्लाह! इसे क़बूल कर ले।

प्रश्न 2: सूरा ज़लज़ला पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा ज़लज़ला और उसकी तफ़सीर:

"अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-ज़लज़ला: 1-8]

1- "इज़ा ज़ुलज़िलतिल अरज़ु ज़िलज़ालहा", जब धरती को पूरी तरह झंझोड़ दिया जायेगा, और ऐसा क़यामत के दिन होगा।

2- "व उख़रिजतिल अरज़ु अस़्क़ालहा", अर्थात: धरती के सीने में जो कुछ है मुर्दों वग़ैरह में से, वह सब बाहर निकाल कर फेंक देगी।

3- "व क़ालल इंसानु मालहा", अर्थात: इंसान हैरान होकर कहेगा किः इस धरती को क्या हो गया है, हिल रही है, परेशान है, सब कुछ को निकाल कर फेंक रही है?

4- "यौमइज़िन तुहद्दिसु अख़बारहा", अर्थात: उस महान दिन, धरती पर जो अच्छाई और बुराई की गई है, धरती उसे बयान कर देगी।

5- "बिअन्ना रब्बका औहा लहा" और वह ऐसा इसलिए करेगी क्योंकि अल्लाह उसे आदेश देगा तथा ऐसा करने को कहेगा।

6- "यौमइज़ींय़सदुरुन् नासु अश्तातल लियुरौ आमालहुम", अर्थात: उस महान दिन में, जब धरती ज़ोर-ज़ोर से हिलाई जाएगी, लोग हिसाब के स्थान

से समूहों में निकलेंगे, ताकि वे दुनिया में अपने किए हुए कामों को देखें।

7- "फ़मैंय् यअ्मल मिस़क़ाला ज़र्रतिन खैरैंय् यरहु", तो जो कोई एक चींटी या कण बराबर भी अच्छा तथा नेकी का काम किया होगा, वह उसे अपने सामने देखेगा।

8- "वमैंय् यअ्मल मिस़क़ाला ज़र्रतिन शर्रैंय यरहु", और जो कोई कण के बराबर भी बुरा काम किया होगा, वह उसे अपने समक्ष देखेगा।

प्रश्न 3: सूरा अल-आदियात पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-आदियात और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-आदियात: 1-11]

"वल आदियाति ज़ब्हन", अल्लाह ने इस आयत में उन घोड़ों की क़सम खाई है, जो दौड़ते हैं, यहाँ तक कि उनके तेज़ दौड़ने के कारण उनकी साँसों की आवाज़ सुनाई देती है।

2- "फलमूरियाति क़द्हन", और उन घोड़ों की क़सम खाई है, जिनके खुर जब चट्टानों पर तेज़ी से पड़ते हैं, तो उनसे चिंगारियाँ निकलती हैं।

3- "फलमुग़ीराति स़ुब्हन", फिर उन घोड़ों की क़सम खाई है जो स़ुबह के समय दुश्मनों पर हमला बोल देते हैं।

4- "फ़अस़र्ना बिहि नक़्अन", और उनके दौड़ने के कारण धूल उड़ते हैं।

5- "फ़वसत़्ना बिहि जम्अन", अर्थात: वह दुश्मनों की पंक्तियों में घुस जाते हैं।

6- "इन्नल इंसाना लिरब्बिही लकनूद", अर्थात: इंसान अपने पालनहार का बड़ा कृतघ्न है, वह उस भलाई का इंकार करता है जो उसका रब उससे चाहता है।

7- "व इन्नहु अला ज़ालिका ल शहीद", वह स्वयं इस पर गवाह है कि वह भलाई से रोकने वाला है, उसके स्पष्ट होने के कारण वह उसका इंकार कर ही नहीं सकता।

8- "व इन्नहु लि हुब्बिल ख़ैरि ल शदीद", वह धन व माल को अत्यधिक चाहने के कारण उसमें कंजूसी से काम लेता है।

9- "अफ़ला यअ्लमु इज़ा बुअ्सिरा मा फिल क़ुबूरि", अर्थात: क्या सांसारिक जीवन के धोखे में पड़ा हुआ यह इनसान नहीं जानता, जब अल्लाह क़ब्रों में मौजूद मुर्दों को पुनर्जीवित करेगा और उन्हें हिसाब और बदले के लिए ज़मीन से बाहर निकालेगा कि मामला वैसा नहीं था, जैसा उसने समझ रखा था?!

10- "व हुस्सिला मा फिस्सुदूर", अर्थात दिलों में नियतों, विश्वासों तथा आस्थाओं आदि में से जो कुछ है सब जग जाहिर हो जाएंगे।

11- "इन्ना रब्बहुम बिहिम यौमइज़िन ल ख़बीर", निश्चय उनका रब उस दिन उनकी पूरी खबर रखने वाला है, उससे उसके बंदों की कोई बात छिपी नहीं है और वह उन्हें उसका बदला देगा।

पश्न 4: सूरा अल-क़ारिया पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-क़ारिया और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-क़ारिया: 1-11]

1- "अल्क़ारिअ्तु", वह क़यामत की घड़ी जो अपनी भयावहता के कारण लोगों के दिलों को झंझोड़ देगी?!

2- "मल्क़ारिअ्तु" क्या है वह क़यामत की घड़ी जो अपनी भयावहता के

कारण लोगों के दिलों को झंझोड़ देगी?!

3- "व मा अद्राका मल्क़ारिअ्तु", और (ऐ रसूल) आपको क्या पता कि वह कौन-सी घड़ी है, जो अपनी भयावहता के कारण लोगों के दिलों को झंझोड़ देगी?! निश्चय ही वह क़यामत का दिन है।

4- "यौम यकूनुन नासु कल्फ़राशिल मबस़ूस़ि", अर्थात उस दिन लोगों के दिल इतने भयभीत होंगे कि वे उड़ते हुए पतिंगों की तरह होंगे, कभी यहाँ कभी वहाँ।

5- "व तकूनुल जिबालु कल इहनिल मनफ़ूश", पहाड़ चलने एवं हरकत करने में इतने हल्के हो जाएंगे कि मानो धुनी हुई रूई के समान रेज़ा रेज़ा (सूक्ष्म खंड) हों।

6- "फ़अम्मा मन स़क़ुलत मवाज़ीनुहू", अर्थात जिनके नेक कार्य बुराई के कार्य की तुलना में अधिक होंगे।

7- "फ़हुवा फ़ी ईशतिर राज़ियातिन", अर्थात वह अपने मन मुताबिक सुख में होगा, जन्नत में वह जो चाहेगा, मिलेगा।

8- "व अम्मा मन ख़फ़्फ़त मवाज़ीनुहू", और जिसके बुरे कार्य उसके भले कार्य से अधिक होंगे।

9- "फ़उम्मुहू हावियतुन", तो क़यामत के दिन उसका आश्रय व ठिकाना जहन्नम होगा।

10- "व मा अदराका माहियह", और हे रसूल! तुमको क्या ख़बर कि वह हाविया क्या है?

11- "नारुन हामियतुन", अर्थात वह ऐसी आग है जो अत्यधिक धधकी हुई है।

प्रश्न 5: सूरा अल-तकास़ुर पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-तकास़ुर और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

﴿ثُمَّ لَتُسْأَلُنَّ يَوْمَئِذٍ عَنِ النَّعِيمِ﴾

फिर उस दिन तुमसे सुख सम्पदा के विषय में अवश्य पूछ गछ होगी।

1- "अलहाकुम अत्तकास़ुरु",(ऐ लोगो) तुम्हें धन और संतान पर आपस में गर्व ने अल्लाह की आज्ञाकारिता से बेख़बर कर दिया।

2- "ह़त्ता ज़ुरतुमुल मक़ाबिर", यहाँ तक कि तुम क़ब्रिस्तान जा पहुँचे, अर्थात, मर गए और अपनी अपनी क़बरों में जा पहुँचे।

3- "कल्ला सौफ़ा तअ्लमून" शीघ्र ही तुम्हें पता चल जायेगा कि धन और संतान के गर्व में पड़कर अल्लाह की आज्ञाकारिता से ग़ाफ़िल नहीं होना चाहिए था। तुम्हें जल्द ही उस ग़फ़लत का परिणाम पता चल जाएगा।

4- "सुम्मा कल्ला सौफ़ा तअ्लमून", फिर उस दिन तुम इस लापरवाही के अंजाम को जान जाओगे।

5- "कल्ला लौ तअ्लमूना इल्मल यक़ीनि", अर्थात, वास्तव में, यदि तुम निश्चित तौर पर जान लेते कि तुम उठाए जाओगे, और अल्लाह के पास ले जाए जाओगे, और यह कि वह तुम्हें तुम्हारे कर्मों का बदला देगा; तो तुम धन और संतान पर आपस में गर्व करने में व्यस्त न होते।

6- "लतरवुन्नल जह़ीम", तुम अवश्य ही क़यामत के दिन आग देखोगे।

7- "सुम्मा लतरवुन्नहा ऐनल यक़ीनि", इसका अर्थ है कि तुम अपनी आँखों से देखोगे, तब तुम्हें विश्वास हो जाएगा, और कोई संदेह बाक़ी नहीं रहेगा।

8- "सुम्मा लतुस्अलुन्ना यौमइज़िन अनिन नईम", फिर उस दिन अल्लाह

तुमसे उन नेमतों के बारे में अवश्य पूछेगा, जो उसने तुम्हें स्वास्थ्य और धन आदि के रूप में प्रदान की हैं।

प्रश्न 6: सूरा अल-अस्र पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-अस्र और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-अस्र: 1-3]

1- "वल अस्रि" पाक व पवित्र अल्लाह ने युग की क़सम खाई है।

2- "इन्नल इंसाना लफ़ी ख़ुसरिन", अर्थात, सभी इंसान नुक़सान एवं बर्बादी में हैं।

3- "इल्लल लज़ीना आमनू व अमिलुस् सालिहाति, व तवासौ बिल् हक़्क़ि व तवासौ बिस्सब्रि", अर्थात केवल वही लोग घाटे एवं बर्बादी में नहीं हैं जो ईमान लाए, नेक काम किए, सत्य की ओर लोगों को बुलाया एवं इस रास्ते में जो कठिनाइयाँ मिलीं, उन पर धैर्य से काम लिया। वही लोग नुक़सान से बच गए।

प्रश्न 7: सूरा अल-हुमज़ा पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-हुमज़ा और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-हुमज़ा: 1-9]

1- "वैलुल्लि कुल्लि हुमज़तिल लुमज़तिन", मुसीबत एवं भयंकर अज़ाब है उन लोगों के लिए जो दूसरों की बुराई बयान करते हैं एवं उनमें अवगुण तलाश करते हैं।

2- "अल्लज़ी जमअ मालव् व अद्दहू", और उन लोगों के लिए अज़ाब

है जिनका उद्देश्य मात्र धन जमा करना एवं उसे गिन कर रखना है, इसके सिवा उनका कोई उद्देश्य नहीं है।

3- "यहसबु अन्ना मालहु अख़लदहु" वह समझता है कि उसका माल जो उसने जमा किया है, उसे मौत से बचा लेगा और वह दुनिया में अमर रहेगा।

4- "कल्ला लयुंबज़न्ना फिल हुतमति", अर्थात, मामला वैसा नहीं है, जैसा कि इस जाहिल ने कल्पना की है, निश्चय ही वह ज़रूर जहन्नम की आग में फेंका जाएगा, जो इतनी शक्तिशाली है कि उसमें डाली गई हर चीज़ को तोड़कर रख देगी।

5- "व मा अदराका मल हुतमा", और (ऐ रसूल) आपको क्या पता कि यह कौन सी आग है, जो उसमें डाली गई हर चीज़ को चूर कर देगी?!

6- "नारुल्लाहिल मू़क़दतु", यह अल्लाह की सुलगाई हुई आग है।

7- "अल्लती तत़लिउ अलल अफ़इदति" अर्थात जो लोगों के शरीरों से होकर दिलों तक पहुँच जाएगी।

8- "इन्नहा अलैहिम मुअस़दतुन", अज़ाब पाने वाले उसमें बंद कर दिए जाएंगे।

9- "फ़ी अमदिम् मुमद्ददतिन", अर्थातः लंबे-लंबे खंबों से बांध दिए जाएंगे, ताकि वो उससे निकल न पाएं।

पश्न 4: सूरा अल-फ़ील पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-फ़ील और उसकी तफ़सीर:

(अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-फ़ील: 1-5]

1- "अलम तरा कैफ़ा फ़अ्ला रब्बुका बि अस़हाबिल फ़ील", हे रसूल!

क्या आप नहीं जानते कि आपके रब ने अब्रहा एवं उसके साथियों, -जो हाथी वालों के नाम से जाने जाते हैं- के साथ क्या किया, जब उन लोगों ने काबा को ध्वस्त करना चाहा?!

2- "अलम यजअल कैदहुम फ़ी तज़लील", अर्थात अल्लाह ने उनकी काबा को गिराने की दुष्ट चाल को नाकाम कर दिया, अतः उन्होंने काबा से लोगों को फेरने की जो इच्छा की थी, उसे वो पूरी नहीं कर सके और न ही वे काबा को कोई नुक़सान पहुँचा सके।

3- "व अरसला अलैहिम त़ैरन अबाबील", अल्लाह ने उनपर चिड़ियों को झुंड के झुंड भेजा।

4- "तरमीहिम बिह़िजारतिम मिन सिज्जील", उन चिड़ियों ने उनपर पकी हुई मिट्टी के पत्थरों की बारिश कर दी।

5- "फ़जअ्लहुम कअस़्फ़िम मअ्कूल", तो अल्लाह ने उन्हें खाए तथा रौंदे हुए भूसे की तरह कर दिया।

प्रश्न 9: सूरा क़ुरैश पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा क़ुरैश एवं उसकी व्याख्या:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा क़ुरैश: 1-4]

1- "लिईलाफ़ि क़ुरैशिन", इसका अर्थ यह है कि हम ने जो अब्रहा के साथ किया वह क़ुरैश को गर्मी एवं जाड़े की यात्रा के स्वभाव बनाने के लिए किया।

2- "ईलाफ़िहिम रि़हलतश् शिताइ वस़्स़ैफ़", जाड़े में यमन की ओर एवं गर्मी में शाम की ओर शांतिपूर्ण यात्रा।

3- "फ़लयअ्बुदू रब्बा हाज़ल बैत", (इस उपकार के कारण) उन्हें चाहिए

कि केवल इस सम्मानित घर के मालिक अल्लाह की इबादत करें, जिसने उनके लिए इस यात्रा की सुविधा प्रदान की, और उसके साथ किसी को साझी न बनाएं।

4- "अल्लज़ी अत्अमहुम मिन जूइन व आमनहुम मिन ख़ौफ़िन", अल्लाह तआला ने अरब के दिलों में काबा एवं वहाँ के रहने वालों का सम्मान बिठा दिया, इससे उन्हें अमन भी प्राप्त हुआ एवं खाने का प्रबंध भी हुआ।

प्रश्न 10: सूरा अल-माऊन पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

1- "अ,रऐतल्लज़ी युकज़्ज़िबु बिद्दीन", क्या आपने जाना उसको जो क़यामत के दिन के बदले को नकारता है।

2- "फ़ज़ालिकल्लज़ी यदुअ्उल यतीम", वह वही है जो अनाथ को आवश्यकता पूर्ति करने से डाँट कर भगा देता है।

3- "व ला यहुज़्ज़ु अला त़आमिल मिस्कीनि", अर्थात वह फ़कीरों, गरीबों को न स्वयं खाना देता है और न ही दूसरों को खाना देने के लिए प्रेरित करता है।

4- "फ़वैलुल्लिल मुसल्लीना", बर्बादी एवं यातना है उन नमाज़ियों के लिए।

5- "अल्लज़ीना हुम अन सलातिहिम साहूना", जो नमाज़ी अपनी नमाज़ की परवाह नहीं करते हैं और न ही उनके निर्धारित समय का ख़याल करते हैं।

6- "अल्लज़ीना हुम युराऊना", जो केवल दिखाने के लिए नमाज़ पढ़ते हैं या नेक काम करते हैं, अपने काम को लेकर अल्लाह के प्रति निष्ठावान

नहीं हैं।

7- "व यमनऊनल माऊन" और वे ऐसी चीज़ के द्वारा भी दूसरों की मदद करने से कतराते हैं, जिससे मदद करने में कोई नुक़सान नहीं है।

प्रश्न 11: सूरा अल-कौसर पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-कौसर: 1-3]

1- "इन्ना अअ्तैनाक्ल-कौसर" (ऐ रसूल) हमने आपको ढेर सारी भलाई प्रदान की है, और उसी में से एक जन्नत में कौसर नामक नहर भी है।

2- "फ़सल्लि लि रब्बिका वन्हर" अतः आप इस नेमत पर अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हुए केवल उसी के लिए नमाज़ पढ़िए और क़ुर्बानी कीजिए; मुश्रिकों के प्रचलन के विपरीत जो अपनी मूर्तियों की निकटता प्राप्त करने के लिए बलि देते हैं।

3- "इन्ना शानिअका हुवल अब्तर", अर्थात, निःसंदेह आपसे द्वेष रखने वाला ही हर भलाई से वंचित और भुलाया हुआ है, जिसे यदि याद भी किया जाता है, तो बुराई के साथ याद किया जाता है।

प्रश्न 12: सूरा अल-काफ़िरून पढ़ें और उसकी तफ़सीर करें?

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-काफ़िरून: 1-6]

1- "क़ुल या अय्युहल काफ़िरून", हे रसूल! आप कह दें किः हे अल्लाह को झुठलाने वालो!

1- "ला अअ्बुदु मा तअ्बुदून", कि मैं न अभी और न भविष्य में उन मूर्तियों की उपासना करुँगा जिनकी तुम पूजा करते हो।

3- "वला अन्तुम अअ्बिदूना मा अअ्बुदु", और न तुम उसकी इबादत करोगे जिस एक अल्लाह की मैं इबादत करता हूँ।

4- "वला अना अअ्बिदुम मा अ्बत्तुम", और न मैं उन मूर्तियों की पूजा करुंगा जिनको तुम पूजते हो।

5- "वला अन्तुम अअ्बिदूना मा अअ्बुदू", और न तुम उसकी इबादत करोगे जिस एक अल्लाह की मैं इबादत करता हूँ।

6- "लकुम दीनुकुम व लिया दीन", तुम्हारे लिए तुम्हारा धर्म है, जिसको तुमने अपने लिए गढ़ लिया है, और मेरे लिए मेरा धर्म है जिसको अल्लाह ने मुझपर उतारा है।

प्रश्न 13: सूरा अन-नस्र पढ़ें और उसकी तफ़सीर करें?

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अन-नस्र: 1-3]

1- "इज़ा जाआ नस्रुल्लाहि वलफ़त्हु", हे नबी! जब तेरे दीन के लिए अल्लाह की मदद एवं शक्ति आ गई, और मक्का विजय हो गया।

2- "व रऐतन्नासा यदख़ुलूना फ़ी दीनिल्लाहि अफ़वाजा" और आप लोगों को झुंड पर झुंड अल्लाह के दीन में प्रवेश करते हुए देख रहे हैं।

3- "फ़सब्बिह़ बिह़म्दि रब्बिका वस्तग़्फ़िरहु इन्नहू काना तव्वाबा", तो जान लें कि यह उस मिशन की समाप्ति के क़रीब होने का संकेत है, जिसके साथ आप भेजे गए थे। अतः आप मदद और विजय की नेमत पर आभार प्रकट करते हुए, अपने पालनहार की पवित्रता और महिमा का गुणगान करें, और उससे क्षमा याचना करें। निश्चय वह बहुत तौबा क़बूल करने वाला है, अपने बंदों की तौबा क़बूल करता और उन्हें क्षमा कर देता है।

प्रश्न 14: सूरा अल-मसद पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-मसद: 1-5]

1- "तब्बत यदा अबि लहबिंव वतब्बा", नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के चचा अबू लहब के दोनों हाथ उसके बुरे कार्य के कारण बर्बाद हो गए, इसलिए कि वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को कष्ट देता था, तथा उसकी कोशिश अकारत गई।

2- "मा अग़ना अन्हु मालुहु वमा कसबा", अर्थात उसका माल व धन उसके कोई काम न आया, न वह उससे अज़ाब को दूर कर पाया और न उसके लिए दया का कारण बन पाया।

3- "सयस़ला नारन ज़ाता लहबिन", वह क़यामत के दिन लपकते हुए शोले मे प्रवेश करेगा।

4- "'वम्,रअ्तुहू हम्मालतल ह़तबा", इस आग में उसकी पत्नी उम्मे जमील भी प्रवेश करेगी, इसलिए कि वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के रास्ते में कांटे डालकर आपको कष्ट देती थी।

5- "फ़ीजीदिहा हबलुम् मिम् मसदिन", अर्थात उसके गले मे मोटी बटी हुई रस्सी होगी जिसके द्वारा वह आग की तरफ घसीटी जाएगी।

प्रश्न 15: सूरा अल-इख़लास़ पढ़ें और उसकी व्याख्या करें?

उत्तर- सूरा अल-इख़लास़ और उसकी व्याख्या:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-इख़्लास़ 1-4]

1- "क़ुल हुवल्लाहु अह़द", हे अल्लाह के रसूल! आप कह दें कि वही एक मात्र अल्लाह है, उसके अतिरिक्त कोई माबूद नहीं है।

2- "अल्लाहुस् स़मद", अर्थात उसी के पास सृष्टियों की समस्याओं का समाधान है।

3- "लम यलिद व लम यूलद", जिसने न किसी को जन्म दिया है और न उसे किसी ने जन्म दिया है"। अतः पवित्र अल्लाह की न कोई संतान है और न माता-पिता।

4- "व लम यकुल लहु कुफ़ुवन अह़दून", अर्थात उसकी रचना में उसके जैसा कोई नहीं है।

प्रश्न 16: सूरा अल-फ़लक़ पढ़ें और उसकी तफ़सीर बयान करें?

उत्तर- सूरा अल-फ़लक़ और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अल-फ़लक़: 1-5]

1- "क़ुल अऊज़ु बिरब्बिल फ़लक़ि", आप कह दें, हे रसूल! मैं सुबह के रब को मज़बूती के साथ पकड़ता हूँ एवं उसकी शरण में आता हूँ।

2- "मिन शर्रि मा ख़लक", उस चीज़ की बुराई से जो सृष्टियों को कष्ट पहुँचाए।

3- "व मिन शर्रि ग़ासिक़िन इज़ा वक़ब", मैं अल्लाह की शरण में आता हूँ उस चीज़ की बुराई से जो रात में प्रकट होते हैं जैसे कि चौपाये, रेंगने वाले जीव या चोर।

4- "व मिन शर्रिन् नफ़्फ़ासाति फ़िल उक़द", और मैं अल्लाह की पनाह चाहता हूँ उन जादूगरनियों की बुराई से जो गांठों में फूँकती हैं।

5- "व मिन शर्रि ह़ासिदिन इज़ा हसद", और मैं अल्लाह की शरण में

आता हूँ हर ईर्ष्या, हसद एवं जलन करने वाले की बुराई से जब वह अल्लाह की दी हुई नेमतों पर लोगों से हसद करे, उनसे उनके ख़त्म हो जाने की कामना करे और उनके कष्ट में पड़ जाने की दुआ करे।

प्रश्न 17: सूरा अन-नास पढ़ें और उसकी तफ़सीर करें?

उत्तर- सूरा अन-नास और उसकी तफ़सीर:

अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत दयावान्, असीम दयालु है।

[सूरा अन-नास: 1-6]

1- "क़ुल अऊज़ु बिरब्बिन नासि", आप कह दें, हे रसूल! मैं लोगों के रब को मज़बूती के साथ पकड़ता हूँ एवं उसकी शरण में आता हूँ।

2- "मलिकिन नास" अर्थातः वह लोगों का बादशाह है, वह उनके साथ जो चाहता है करता है। उसके सिवा उनका कोई बादशाह नहीं है।

3- "इलाहिन नासि", जो लोगों का सच्चा माबूद है, उसके अतिरिक्त उन लोगों का कोई सत्य पूज्य नहीं है।

4- "मिन शर्रिल वसवासिल ख़न्नासि", शैतान की बुराई से जो लोगों को भटकाते हैं।

5- "अल्लज़ी युवसविसु फ़ी सुदूरिन नासि", लोगों के दिलों में भ्रम डालते हैं।

6- "मिनल जिन्नति वन्नासि", अर्थात यह भ्रमित करने वाले इंसानों में से होते हैं एवं जिन्नों में से भी।

* पहली हदीस़:

प्रश्न 1: इस हदीस़ को पूर्ण करें "इन्नमल आअ्मालु बिन्नियाति" (सभी कार्यों का आधार निय्यतों पर है) फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- अमीरुल मोमिनीन (मोमिनों के सरदार) अबू हफ़्स उमर बिन ख़त्ताब -अल्लाह उनसे राज़ी हो- कहते हैं कि मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को फरमाते हुए सुना है:

1- कोई भी (धार्मिक) कार्य जैसे नमाज़, रोज़ा एवं हज्ज इत्यादि कार्यों के लिए निय्यत का होना ज़रूरी है।

2- निय्यत में इख़्लास़ एवं निष्ठा का होना आवश्यक है।

* दूसरी हदीस़:

प्रश्न 2: इस हदीस़ को पूरी करें "मन अह़दस़ा फ़ी अमरिना हाज़ा" (जिसने इस दीन में कोई नई बात पैदा की) फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- मोमिनों की माँ उम्मे अब्दुल्लाह आयशा -अल्लाह उनसे राज़ी हो- कहती हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया:

1- धर्म में कोई नई बात पैदा करने की मनाही है।

2- नये कार्यों को ठुकरा दिया जाएगा तथा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

तीसरी हदीस़:

प्रश्न 3: इस हदीस़ को पूरी करें "बैनमा नह़नु जुलूसुन इन्दा रसूलिल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम..." (हम लोग नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पास बैठे हुए थे...) फिर इसके कुछ फायदों का उल्लेख करें!

उत्तर- उमर बिन ख़त्ताब- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं: हम लोग एक दिन अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहू अलैहि व सल्लम) के पास बैठे हुए थे कि अचानक एक व्यक्ति प्रकट हुआ। उसके वस्त्र अत्यंत सफ़ेद एवं बाल बहुत काले थे। उसके शरीर पर यात्रा का कोई प्रभाव भी नहीं दिख रहा था और हम में से कोई उसे पहचान भी नहीं रहा था। वह अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के सामने बैठ गया और अपने दोनों घुटने आपके घुटनों से मिला लिए, और अपनी दोनों हथेलियाँ अपने दोनों रानों पर रख लिया। फिर बोला: ऐ मुहम्मद! मुझे बताइए कि इस्लाम क्या है? आपने उत्तर दिया: "इस्लाम यह है कि तुम इस बात की गवाही दो कि अल्लाह के अतिरिक्त कोई सत्य पूज्य नहीं तथा मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं, नमाज़ स्थापित करो, ज़कात दो, रमज़ान के रोज़े रखो तथा यदि सामर्थ्य हो (अर्थात् सवारी और रास्ते का ख़र्च उपलब्ध हो) तो अल्लाह के घर काबा का हज करो"। उसने कहा: आपने सही बताया। उमर- रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि हमें आश्चर्य हुआ कि यह कैसा व्यक्ति है, जो पूछ भी रहा है और फिर स्वयं उसकी पुष्टि भी कर रहा है?! उसने फिर कहा: मुझे बताइए कि ईमान क्या है? आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फरमाया: "ईमान यह है कि तुम विश्वास रखो अल्लाह पर, उसके फरिश्तों, उसकी पुस्तकों, उसके रसूलों, और अंतिम दिन पर तथा तुम विश्वास रखो तक़दीर पर चाहे

अच्छी हो या बुरी पर"। उस व्यक्ति ने कहा: आपने सही फ़रमाया। इसके बाद उसने कहा कि मुझे बताइए: एहसान किया है? तो आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने उत्तर दिया: "अल्लाह की वंदना इस तरह करो, जैसे तुम उसे देख रहे हो। यदि अल्लाह को देखने की कल्पना उत्पन्न न हो सके तो कम-से-कम यह सोचो कि वह तुम्हें देख रहा है"। उसने फिर पूछा: मुझे बताइए कि क़यामत कब आएगी? आपने फ़रमाया: "जिससे प्रश्न किया गया है वह (इस विषय में) प्रश्न करने वाले से अधिक नहीं जानता"। उसने कहा: तो फिर मुझे क़यामत की निशानियाँ ही बता दीजिए? आपने कहा: "क़यामत की निशानी यह है कि दासी अपने स्वामी को जन्म देने लगे, और नंगे पैर, नंगे बदन, निर्धन और बकरियों के चरवाहे, ऊँचे-ऊँचे महलों पर गर्व करने लगें"। (उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि) फिर वह व्यक्ति चला गया। कुछ समय बीतने के पश्चात अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने पूछा: "ऐ उमर! क्या तुम जानते हो, यह सवाल करने वाला व्यक्ति कौन था"? मैंने कहा: अल्लाह और उसके रसूल ही भली-भाँति जानते हैं। तो आपने फरमाया: "यह जिबरील (अलैहिस्सलाम) थे, जो तुम्हें तुम्हारा धर्म सिखाने आए थे"।

इस हदीस से ये निष्कर्ष निकलते हैं:

1-इस्लाम के पाँच अरकान अर्थात स्तंभों का उल्लेख, और वह ये हैं:

ला इलाहा इल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (अल्लाह के अतिरिक्त कोई सच्चा माबूद नहीं है एवं मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं) की गवाही देना।

नमाज़ क़ायम करना,

ज़कात देना,

रमज़ान महीना के रोज़े रखना

और अल्लाह के हुरमत वाले घर (काबा) का हज्ज करना।

2- इस हदीस़ में ईमान के स्तंभों को भी बयान किया गया है, और वह छह हैं:

अल्लाह पर ईमान,

उसके फ़रिश्तों पर ईमान,

उसकी पुस्तकों पर ईमान,

उसके रसूलों पर ईमान,

आख़िरत के दिन पर ईमान

एवं अच्छी बुरी तक़दीर पर ईमान।

3- एहसान के स्तंभ का भी बयान है, और वह एक है, जिसका सारांश यह है कि आप अल्लाह की उपासना इस प्रकार करें कि मानो आप उस को देख रहे हैं, यदि यह कल्पना न उत्पन्न हो सके कि आप उसको देख रहे हैं तो (यह स्मरण रखें कि) वह आपको अवश्य देख रहा है।

4- क़यामत कब आएगी, इसके बारे में अल्लाह के अलावा कोई नहीं जानता है।

प्रश्न 4: इस हदीस़ को पूरी करें "अक्मलुल मोमिनीना ईमानन..." फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

«أَكْمَلُ المُؤْمِنِينَ إِيمَانًا: أَحْسَنُهُم خُلُقًا».

"सबसे संपूर्ण ईमान वाला मोमिन वह है, जो उनमें सबसे अच्छे व्यवहार

का मालिक है"।

1- लोगों को अच्छे व्यवहार के प्रति प्रोत्साहित करना।

2- श्रेष्ठ व्यवहार श्रेष्ठ ईमान में से है।

3- ईमान घटता बढ़ता है।

प्रश्न 5: इस हदीस़ को पूरी करें "मन हलफ़ा बिग़ैरिल्लाहि..." फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- अब्दुल्लाह बिन उमर -रज़ियल्लाहु अन्हुमा- से वर्णित है कि नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया:

1- अल्लाह के सिवा किसी अन्य की क़सम खाना जायज़ नहीं है।

प्रश्न 6: इस हदीस़ को पूरी करें "ला युअ्मिनु अहदुकुम हत्ता अकूना अहब्बा इलैहि..." फिर इससे निकले कुछ अर्थों के बारे में बताएं!

उत्तर- अनस -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- किसी भी आदमी से अधिक नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से प्रेम करना वाजिब व अनिवार्य है।

प्रश्न 7: इस हदीस़ को पूरी करें "ला युअ्मिनु अहदुकुम हत्ता युहिब्बा लिअख़ीहि..." फिर इससे निकले कुछ अर्थों के बारे में बताएं!

उत्तर- अनस -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- मोमिन पर वाजिब है कि वह अपने दूसरे मोमिन भाइयों के लिए वही पसंद करे जो अपने लिए पसंद करता है।

प्रश्न 8: इस हदीस़ को पूरी करें "वल्लज़ी नफ़सी बियदिही!" फिर बताएं कि इस हदीस़ का सारभूत अर्थ क्या है?

उत्तर- अबू सईद -रज़ियल्लाहु अन्हु- से वर्णित है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- इस हदीस़ से सूरा इख़्लास़ का महत्व मालूम होता है।

2- यह सूरा एक तिहाई क़ुरआन के बराबर है।

प्रश्न 9: इस हदीस़ को पूरी करें "ला हौला वला क़ुव्वता इल्ला बिल्लाहि" फिर बताएं कि इस हदीस़ का निष्कर्ष क्या है?

उत्तर- अबू मूसा -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- इन शब्दों का महत्व, कि यह जन्नत के ख़ज़ानों में से एक ख़ज़ाना है।

2- ये शब्द बन्दा को उसकी ताक़त और क़ुव्वत से निकालकर केवल एक अल्लाह पर विश्वास एवं भरोसा करने को कहते हैं।

* दसवीं हदीस़:

प्रश्न 10: इस हदीस़ को पूर्ण करें "अला फ़िल जसदि मुज़ग़तुन" (सचेत रहो, शरीर के अंदर एक टुकड़ा है) फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- नुअ्मान बिन बशीर -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, वह कहते हैं

कि मैं ने नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को फ़रमाते हुए सुना है:

1- जिस्म के अंदर व बाहर का सही होना दिल के सही होने पर निर्भर है।

2- दिल के सही होने का ख़याल रखना चाहिए क्योंकि इसी पर इंसान का सही होना निर्भर है।

ग्यारहवीं हदीस़:

प्रश्न 11: इस हदीस़ को पूरी करें "मन काना आख़िरु कलामिहि मिनद् दुनिया ला इलाहा इल्लल्लाहु" (दुनिया से विदा लेते समय जिसका अंतिम कलाम ला इलाहा इल्लल्लाहु हो) फिर इसके कुछ फायदों के बारे में भी बताएं!

उत्तर- मुआज़ बिन जबल -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- "ला इलाहा इल्लल्लाहु" की श्रेष्ठता, कि बन्दा उसके द्वारा जन्नत में जाएगा।

2- जिसकी ज़बान से निकलने वाला आख़री शब्द "ला इलाहा इल्लल्लाह" हो, उसका प्रतिफल।

* बारहवीं हदीस़:

प्रश्न 12: इस हदीस़ को पूरी करें "लैसल मुअ्मिनु बित़्तअ्आनि व लल्लअ्आनि" (मोमिन ताना देने वाला एवं लानत करने वाला नहीं होता है), फिर इसके कुछ फायदों के बारे में बताएं!

उत्तर- अब्दुल्लाह बिन मसऊद -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- सभी प्रकार के झूठ, अनर्गल एवं निरर्थक बातों की वर्जना।

तेरहवीं हदीस़:

प्रश्न 13: इस हदीस़ को पूरी करें "मिन हुस्नि इस्लामिल मरइ..." फिर इसके कुछ फायदों के बारे में बताएं!

उत्तर- अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया:

1- जिन बातों से दीन व दुनिया का कोई लाभ न मिलता हो, उन्हें छोड़ देना चाहिए।

2- फ़िजूल की बातों को छोड़ देना ही मनुष्य के इस्लाम का कमाल है।

चौदहवीं हदीस़:

प्रश्न 14: इस हदीस़ को पूरी करें "मन क़,र,अ हरफ़म मिन किताबिल्लाहि..." फिर इसके कुछ फायदों के बारे में बताएं!

उत्तर- अब्दुल्लाह बिन मसऊद -रज़ियल्लाहु अन्हु- से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया:

1- क़ुरआन-ए-करीम की तिलावत (पढने) का प्रतिफल।

2- हर अक्षर जो आप पढ़ेंगे, उसके बदले बहुत सारी नेकियाँ हैं।

प्रश्न 1: अल्लाह तआला के प्रति हमारा रवैया कैसा हो?

उत्तर- 1- पाक अल्लाह के साथ हमारा रवैया सम्मान का हो,

2- केवल उसी की इबादत करें और उसके साथ किसी को शरीक न करें।

3- उसका आज्ञापालन करें।

4- उसकी अवज्ञा न करें।

5- उसके अनगिनत उपकारों एवं नेमतों पर शुक्र अदा करें, उसकी प्रशंसा

करें।

6- उसके लिखे हुए भाग्य पर धैर्य रखें।

रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के प्रति हमारा रवैया:

प्रश्न 2: रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के प्रति हमारा रवैया कैसा हो?

उत्तर-1- उनका अनुपालन एवं पैरवी करना।

2- उनका आज्ञापालन करना।

3- उनकी अवज्ञा न करना।

4- उनकी दी गई ख़बरों को सच मानना।

5- उनकी सुन्नत में वृद्धि कर के बिद्अत (नवाचार) न अंजाम देना।

6- उनसे अपनी जान या किसी और व्यक्ति से अधिक मुहब्बत करना।

7- उनका सम्मान करना, उनकी एवं उनकी सुन्नत की मदद करना।

उत्तर- 1- गुनाह के अलावा के काम में उनका अनुपालन करना।

2- माता-पिता की सेवा करना।

3- माता-पिता की मदद करना।

4- माता-पिता की ज़रूरतें पूरी करना।

5- माता-पिता के लिए दुआ करना।

6- उनसे बात करने में अच्छा रवैया अपनाना, उन्हें "उफ़्फ़" तक न कहना।

7- माता-पिता के सामने मुस्कुराना, न कि मुंह बनाना।

8- माता-पिता की आवाज़ से ऊँची अपनी आवाज़ न रखें, उन्हें ध्यान से सुनें, उनकी बात न काटें, उनको उनके नाम से न पुकारें, बल्कि उन्हें "अब्बू"

या "अम्मी" कहकर पुकारें।

9- जब वे दोनों अपने कमरे में हों तो उनकी अनुमति के बाद ही उनके पास आएं।

10- माता-पिता के हाथ एवं सर चूमें।

उत्तर- 1- कभी कभी निकट के रिश्तेदारों जैसे भाई, बहन, चचा, चची, मामू, मौसी एवं दूसरे रिश्तेदारों के घर जाना।

2- बात, काम एवं उनकी मदद के द्वारा उनपर उपकार करना।

3- इसी तरह उनके संपर्क में रहना एवं उनकी परिस्थितियों के बारे में सवाल करते रहना।

उत्तर- 1-अच्छे लोगों से मुहब्बत करें और उनके साथ रहें।

2- बुरे लोगों का साथ छोड़ दें एवं उनसे बचें।

3- अपने भाइयों को सलाम करें एवं उनसे हाथ मिलाएं।

4- जब वो बीमार हों तो उनको देखने जाएं एवं उनके स्वस्थ होने की दुआ करें।

5- उनके छींकने का जवाब दें।

6- जब मुस्लिम भाई भेंट करने बुलाए तो उसकी दावत को क़बूल करें।

7- उसे सही रास्ता दिखाएं।

8- जब वह अत्याचार करे तो उसकी मदद करें, वह इस तरह कि उसे अत्याचार करने से रोकें।

10- अपने मुस्लिम भाई के लिए वही पसंद करें जो अपने लिए पसंद करते हैं।

11- उसकी मदद करें जब उसे हमारी मदद की ज़रूरत हो।

12- अपनी ज़ुबान या हरकत के द्वारा उन्हें नुक़सान न पहुँचाएं।

13- उसके भेद की हिफ़ाज़त करें।

14- न उसको गाली दें, न उसकी ग़ीबत करें, न उससे नफ़रत करें, न उससे हसद करें, न उसके पीछे पड़ें और न उसको धोखा दें।

उत्तर- 1- अपनी बात एवं हरकत से पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार करें, और जब उसे मदद की आवश्यकता हो तो उसकी मदद करें।

2- ईद तथा विवाह आदि के अवसरों पर उनको बधाई पेश करें।

3- जब वह बीमार हो तो उसकी अयादत (रोगी का हाल पूछने) के लिए जाएं, जब उसके यहां मौत हो तो उसके साथ संवेदना व्यक्त करें।

4- जहां तक संभव हो, जो हमारे यहां खाना पके, उसे भी भेजवाएं।

5- अपनी बात या हरकत से उसे कष्ट न दें।

उत्तर- 1- यदि कोई निमंत्रण दे, तो उसे स्वीकार करें।

2- यदि किसी के घर जाना चाहते हैं तो उससे अनुमति लें और समय ले लें।

3- उसके घर में प्रवेश करने से पहले अनुमति लें।

4- उसके घर जाने में देर न करें।

5- घर की औरतों से नज़र नीची रखें।

6- अतिथि का मुस्कुराते हुए एवं अच्छे शब्दों के साथ सबसे अच्छा स्वागत करें।

7- अतिथि को सबसे अच्छी जगह में बैठाएं।

8- खाने एवं पीने की चीज़ों के साथ अतिथि का सम्मान करें।

प्रश्न 8: बीमारी एवं अयादत (बीमार पुर्सी, रोगी का हाल-चाल पूछना) के आदाब का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- जब किसी जगह दर्द का अनुभव करें तो अपना दायां हाथ वहाँ

रखें और तीन बार "बिस्मिल्लाह" कहें, फिर सात बार "अऊज़ु बिइज़्ज़तिल्लाहि व क़ुदरतिहि मिन शर्रि मा अजिदु व उहाज़िरु" (मैं अल्लाह तआला की ताक़त एवं शक्ति की शरण में आता हूँ उस तकलीफ़ से जो मैं अभी महसूस कर रहा हूं और जिसके कारण भविष्य में मैं कठिनाइयों का सामना करने वाला हूँ) कहें।

2- अल्लाह द्वारा लिखित भाग्य से राज़ी हों एवं धैर्य रखें।

3- अपने बीमार भाई को देखने जाने में जल्दी करें, उसके लिए दुआ करें और वहां बहुत लंबा न बैठें।

4- वह फूंकने को न कहे फिर भी दुआ पढ़कर फूंकें।

5- उसे नसीहत करें कि वह हर संभव धैर्य, दुआ, नमाज़ एवं पवित्रता का ख़याल रखे।

6- बीमार के लिए सात बार यह दुआ पढ़ें "अस्अलुल्लाहल अज़ीमा, रब्बल अर्शिल अज़ीमि अंय् यशफ़ियका" (मैं बहुत बड़े अर्श के रब महान अल्लाह से दुआ करता हूँ कि वह आपको ठीक कर दे)।

प्रश्न 9: ज्ञान प्राप्त करने के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- महान एवं उच्च अल्लाह के लिए इरादा को शुद्ध करना एवं निष्ठावान होना।

2- जो ज्ञान प्राप्त किया है उस पर अमल करना।

3- अपने शिक्षक का, उनकी उपस्थिति में या अनुपस्थिति में, सम्मान करना।

4- उनके सामने अदब के साथ बैठना।

5- उनको ध्यान पूर्वक सुनना एवं पाठ के बीच में बाधा न पहुँचाना।

6- प्रश्न करते समय शिष्टाचार का ध्यान रखना।

7- उनको उनके नाम से न बुलाना।

उत्तर- 1- सभा में बैठे हुए लोगों को सलाम करें।

2- जहां बैठने की जगह मिले वहीं बैठ जाएं, न किसी को उसके स्थान से उठाएं और न बिना अनुमति के दो लोगों के बीच बैठें।

3- दूसरों को भी बैठने की जगह दें।

4- मजलिस में किसी की बात न काटें।

5- सभा से निकलने से पहले अनुमति लें एवं सलाम करके जाएं।

6- जब सभा समाप्त हो तो सभा के अंत में सभा के पापों को मिटाने वाली यह दुआ पढ़ें:

प्रश्न 11:सोने के आदाब क्या हैं?

उत्तर- 1- जल्दी सोएं।

2- पवित्र होकर सोएं।

3- पेट के बल न सोएं।

4- दायाँ करवट सोएं एवं अपना दायाँ हाथ अपने दाएँ गाल के नीचे रखें।

5- बिस्तर झाड़कर सोएं।

6- सोने की दुआएं पढ़कर सोएं जैसे कि आयतुल कुर्सी, सूरा इख़्लास़, सूरा फ़लक़ एवं सूरा नास। तीन तीन बार और यह कहें:

7- फ़ज्र की नमाज़ के लिए जागें।

8- नींद से जागने के बाद कहें:

उत्तर-

1- महान एवं उच्च अल्लाह के आज्ञाओं के पालन हेतु शक्ति प्राप्त करने की निय्यत करते हुए भोजन करना।

2- फिर खाने से पूर्व दोनों हाथों को धोना।

3- "बिस्मिल्लाह" कहना, दाहिने हाथ से खाना, अपने क़रीब की तरफ से खाना, बर्तन के बीच से या जो दूसरे की तरफ हो, उससे न खाना।

4- यदि आरंभ में "बिस्मिल्लाह" भूल जाए तो जब याद आए तब कहे "बिस्मिल्लाहि अव्वलहू व आख़िरहू"।

5- जो खाना उपस्थित हो उसी पर संतोष करना, खाने में दोष न निकालना, यदि पसंद आए तो खा लेना और यदि नापसंद हो तो छोड़ देना।

6- कुछ लुक़मे खाना, अत्यधिक न खाना।

7- खाने एवं पीने की चीज़ों में न फूंक मारना और न ही उसे इतनी देर तक छोड़ना कि ठंडा हो जाए।

8- अपने परिवार के लोगों एवं दोस्तों के साथ मिलकर भोजन करना।

9- अपने बड़ों से पहले खाना शुरू न करना।

10- पानी पीते समय अल्लाह का नाम लेना, बैठकर पानी पीना एवं तीन सांसों में पीना।

11- खाना समाप्त करने के बाद अल्लाह की प्रशंसा बयान करना।

प्रश्न 13: कपड़ा पहनने केआदाब गिनाओ?

उत्तर- 1- दायीं ओर से कपड़ा पहनना आरंभ करें और उस पहनावा के उपलब्ध कराने पर अल्लाह की प्रशंसा करें।

3- न बच्चे बच्चियों के, और न ही बच्चियाँ बच्चों के कपड़े पहनें।

4- कपड़े काफ़िरों के कपड़ों एवं लफंगों के कपड़ों की तरह न हों।

5- कपड़ा उतारते समय बिस्मिल्लाह पढ़ें।

6- जूता, चप्पल सबसे पहले दाएं पैर में पहनें फिर बाएं पैर में।

प्रश्न 14: सवारी के आदाब का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- कहें: "बिस्मिल्लाहि, अल्हम्दुलिल्लाहि" (शुरू अल्लाह के

नाम से एवं सारी प्रशंसा अल्लाह की है)। [सूरा अल-ज़ुख़रुफ़: 13,14]

2- जब किसी मुसलमान के पास से होकर गुज़रें तो उसे सलाम करें।

प्रश्न 15: रास्ता के आदाब का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- अपनी चाल में नरमी एवं विनम्रता चुनें, तथा रास्ता के बायीं ओर से चलें।

2- जिससे मुलाक़ात हो, उसे सलाम करें।

3- अपनी नज़र नीची रखें एवं किसी को कष्ट न दें।

4- भलाई का आदेश दें और बुराई से मना करें।

5- रास्ते से कष्टदायक चीज़ों को हटाएं।

प्रश्न 16: घर में दाख़िल होने तथा उससे निकलने के आदाब का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- घर से निकलते समय अपना बायाँ पैर निकालें और कहें:

«بِسْمِ اللهِ، تَوَكَّلْتُ عَلَى اللهِ، لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللهِ، اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ أَنْ أَضِلَّ أَوْ أُضَلَّ، أَوْ أَزِلَّ أَوْ أُزَلَّ، أَوْ أَظْلِمَ أَوْ أُظْلَمَ، أَوْ أَجْهَلَ أَوْ يُجْهَلَ عَلَيَّ».

"बिस्मिल्लाहि, तवक्कलतु अलल्लाहि, ला हौला वला क़ुव्वता इल्ला बिल्लाहि, अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ु बिका, अन अज़िल्ला औ उज़ल्ला, औ अज़िल्ला औ उज़ल्ला, औ अज़लिमा औ उज़लमा, औ अजहला औ युजहला अलैया", अर्थातः "अल्लाह के नाम से (चलना शुरू करता हूँ), मैंने अल्लाह पर पूरा भरोसा कर लिया, अल्लाह के सिवा कोई न बुराई से फेर सकता है और न ही नेकी के करने की शक्ति दे सकता है, ऐ अल्लाह! मैं इस बात से तेरी पनाह माँगता हूँ कि गुमराह हो जाऊँ या गुमराह कर दिया जाऊँ, या फिसल जाऊँ या फिर फिसला दिया जाऊँ, या किसी पर ज़ुल्म करूँ या मुझपर ज़ुल्म किया जाए, या मैं जाहिलों जैसा काम करूँ या मेरे साथ जाहिलों

वाला काम किया जाए"।

2- घर में प्रवेश करते समय दाहिना पैर पहले दाखिल करें और कहें:

3- मिसवाक (दतवन) करें फिर घर वालों को सलाम करें।

प्रश्न 17: पेशाब-पाखाना के आदाब का उल्लेख करें?

उत्तर- 1- शौचालय में प्रवेश करते समय बायाँ पैर पहले रखें।

2- प्रवेश करने से पूर्व कहें:

3- अपने साथ ऐसा कुछ न ले जाएं जिसमें अल्लाह का ज़िक्र हो।

4- शौच करते समय पर्दा करें।

5- पाखाना करते समय किसी से बात न करें।

6- पाखाना-पेशाब करते समय काबा रुख होकर या उसको पीछे की ओर करके न बैठें।

7- गंदगी दूर करते समय बाएं हाथ का प्रयोग करें, दाएं हाथ का नहीं।

8- लोगों के रास्ते में या छायादार वृक्ष के नीचे पाखाना न करें।

9- पाखाना करने के बाद अपना हाथ धोएं।

10- पहले दायाँ पैर निकालें और कहें "ग़ुफ़रानका" (हे अल्लाह! मैं तेरी ही क्षमा चाहता हूँ)।

प्रश्न 18: मस्जिद के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- अपने दायाँ पैर को पहले मस्जिद में रखें और कहें:

2- दो रक्अत नमाज़ पढ़ने से पहले न बैठें।

3- नमाज़ियों के आगे से न गुज़रें, या गुमशुदा चीज़ों का एलान मस्जिद में न करें, या मस्जिद में खरीद-बिक्री न करें।

4- मस्जिद से निकलते समय बायाँ पैर पहले निकालें और कहें:

प्रश्न 19: सलाम के आदाब बताएं?

उत्तर- 1- जब किसी मुसलमान से भेंट हो तो पहले सलाम करें, इस तरह: "अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाहि व बरकातुहू", इसके अतिरिक्त कोई दूसरा सलाम नहीं और न ही केवल हाथ हिलाएं।

2- सलाम करें तो मुस्कुरा कर सलाम करें।

3- अपने दाएं हाथ से मुसाफ़हा करें (हाथ मिलाएं)।

4- जो कोई आप को सलाम करे तो उसको उससे अच्छा जवाब दें, या कम से कम उस तरह ही दें।

5- काफ़िर को पहले सलाम न करें, जब वह सलाम करे तो वैसा ही उसका जवाब दें।

6- छोटे बड़े को, सवार पैदल चलने वाले को, पैदल चलने वाला बैठे व्यक्ति को और कम लोग ज़्यादा लोगों को सलाम करें।

प्रश्न 20: अनुमति माँगने का क्या तरीक़ा है?

उत्तर- 1-किसी भी स्थान में प्रवेश करने से पहले अनुमति लें।

2- तीन बार अनुमति लें, उससे अधिक नहीं, उसके बाद (यदि अनुमति न मिले तो) लौट जाएं।

3- नम्रता के साथ दरवाज़ा खटखटाएं, दरवाज़ा के सामने न खड़े हों, बल्कि उसके दाएं या बाएं खड़े हों।

4- अपनी माँ या बाप या किसी और के पास उसके कमरे में अनुमति के बिना न आएं, विशेषकर फ़ज्र से पहले, ज़ुह्र के बाद आराम के समय तथा इशा के बाद।

5- हम आबादी रहित स्थानों में बिना अनुमति के प्रवेश कर सकते हैं, जैसे अस्पताल, बाज़ार आदि।

प्रश्न 21: जानवर पर दया करने के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- जानवर को खाना दें एवं उसे पानी पिलाएं।

2- जानवर के साथ नम्रता एवं दया का व्यवहार करें, एवं उस पर उसकी शक्ति से अधिक बोझ न डालें।

3- जानवर को किसी प्रकार का कोई कष्ट न दें।

खेलने-कूदने के आदाब:

प्रश्न 22: खेलने-कूदने के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- अल्लाह के आज्ञापालन एवं उसको प्रसन्न करने वाले कार्य को अंजाम देने के लिए चुस्त रहने के इरादा से व्यायाम करें।

2- नमाज़ के समय न खेलें।

3- बच्चे, बच्चियों के साथ न खेलें।

4- खेलने के लिए ऐसे लिबास का चयन करें जो पर्दे के स्थानों को छुपा ले।

5- हराम खेल न खेलें, जैसे कि चेहरा पर मारने वाला खेल या जिसमें पर्दा न रहता हो।

प्रश्न 23: मज़ाक़ करने के कुछ आदाब बताएं?

उत्तर- 1- हंसी मज़ाक़ भी सच्चा होना चाहिए, झूठा नहीं।

2- हास्य परिहास, गलत बयानी, गाली-गलौज, कष्ट और धमकी से मुक्त होना चाहिए।

3- यह अधिक नहीं होना चाहिए।

प्रश्न 24: छींकने के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- छींकते समय हाथ या कपड़ा या रूमाल मुँह पर रखें।

2- छींकने के बाद "अल्हम्दुलिल्लाह" (सारी प्रशंसा अल्लाह के लिए) कहें।

3- उसका भाई या जो उसके साथ है वह "यरहमुकल्लाह" (अल्लाह आप पर रहम करे) कहे।

4- यह सुनकर छींकने वाला फिर "यहदीकुमुल्लाहु व युस्लिहु बालकुम" कहेगा, अर्थात अल्लाह आपको सुपथ दिखाए एवं आपके मामला को सही करे।

उत्तर- 1- जम्हाई को रोकने की कोशिश करें।

2- यदि न रोक सकें तो कम से कम "आआआह, आआआह" की आवाज़ न निकालें।

3- अपने हाथ को अपने मुंह पर रखें।

प्रश्न 25: पवित्र क़ुरआन की तिलावत के क्या आदाब हैं?

उत्तर- 1- तिलावत वुज़ू के बाद पवित्र स्थिति में करें।

2- अदब एवं शांति के साथ बैठें।

3- तिलावत से पहले शैतान से अल्लाह की शरण माँगें।

क़ुरआन को सोच समझकर पढ़ें।

प्रश्न 1: अच्छे आचरण का क्या महत्व है?

उत्तर- 1- क्योंकि यह अल्लाह से मुहब्बत का कारण है।

2- यह सृष्टि से मुहब्बत का कारण है।

